दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 229 | जयपुर, रविवार, 28 जुलाई, 2024 I श्रावण, कृष्ण पक्ष-अष्टमी , विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### खाई में गिरी कार, 5 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत



**अनंतनाग**। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। सिमथान-कोकेरनाग रोड पर एक वाहन खाई में गिर गया, जिससे उसमें सवार 5 बच्चों सहित 8 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतकों में 2 महिलाएं भी हैं। यह भी सामने आया है कि हादसे में जान गवांने वाले सभी लोग एक ही परिवार से थे। रिपोर्ट के मुताबिक, यह गाड़ी मडवा किश्तवाड़ से होकर आगे बढ़ रही थी, इसी दौरान ड्राइवर ने कार से अचनाक नियंत्रण खो दिया।

### मनु भाकर 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में



**पेरिस**। ओलंपिक 2024 के पहले दिन खराब शुरुआत के बाद शाम होते-होते भारत के लिए अच्छी खबर सामने आई। मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। 580 अंकों के साथ वह तीसरे स्थान पर रहीं। भाकर ने पहली सीरीज में 97, दूसरी में 97, तीसरी में 98, चौथी में 96, 5वीं में 96 और छठी में 96 अंक हासिल किए। फाइनल रविवार दोपहर 3:30 बजे से होगा। मनु भाकर पिछले 20 वर्षों में व्यक्तिगत स्पर्धा में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज हैं। इधर, भारतीय हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर विजयी आगाज किया। -पेज 5 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**बरसा सावन झूम के:** 5 से 7 दिन तक प्रदेश के अधिकांश भागों में मानसून रहेगा अभी सक्रिय

# जयपुर सहित कोटा, उदयपुर व अजमेर संभाग हुए तर-ब-तर

■ हाड़ौती की नदियों में आया उफान, कई इलाकों से कटा संपर्क

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की राजधानी जयपुर में शनिवार तड़के, सुबह व देर शाम झमाझम होने से मौसम तो सुहावना हो गया, लेकिन निचले इलाकों में पानी भर गया। मुख्य मार्गों में बारिश के पानी के कारण दिनभर लंबा जाम लगा रहा। शहर के तमाम इलाकों में देर शाम हुई व्यापक बारिश से सड़कें दरिया बन गईं।



इधर, शनिवार को मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर बताया कि कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम बंगाल व ओडिशा के ऊपर बना हुआ है तथा मानसून ट्रफ लाइन अभी सामान्य अवस्था में है। पूर्वी राजस्थान में आगामी 5-7 दिन मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। इस दौरान कोटा, उदयपुर व अजमेर संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 29-31 जुलाई के दौरान बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा कहीं-कहीं मध्यम व तेज बारिश होने की संभावना है।

### हाड़ौती की नदियों में आया उफान : कोटा बैराज के 6 गेट खोले

लगातार हो रही बारिश के कारण चंबल और काली सिंध नदियों में लगातार पानी की आवक बढ़ती जा रही है। इसके चलते चंबल नदी की झरेर की पुलिया पर करीब ढाई फुट पानी की चादर चल रही है। बारिश के कारण इटावा खातोली सवाईमाधोपुर मार्ग अवरुद्ध हो गया। वहीं, पार्वती नदी में आए उफान के चलते राजस्थान-मध्यप्रदेश के बीच संपर्क कटा रहा। यहां स्थानीय प्रशासन मोर्चा संभाले हुए है।

### चित्तौड़गढ़ में हुई सबसे ज्यादा बारिश

पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात चित्तौड़गढ़ के बदेसर में 70 MM दर्ज हुई। भीलवाड़ा के डाबला में 53, शाहपुरा में 51, टोंक के पीपलु में 32, झुंझुनूं के खेतड़ी में 32, अलवर के कठूमर में 42, बारां के छीपाबड़ौद में 38, अजमेर के मसूदा में 27, दौसा के रामगढ़ पचवाड़ा में 29 और भरतपुर के भुसावर में 17 MM बरसात दर्ज हुई। प्रदेश में अब तक 185.3 एमएम औसत बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से एक फीसदी कम है।

### कोटा बैराज के आधा दर्जन गेट खोले

कोटा बैराज के छह गेट शनिवार शाम सवा 5 बजे खोलकर करीब 50 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। सुबह से ही बैराज के कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश होने से बैराज में पानी की आवक जारी है। इसी प्रकार चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में राणा प्रताप सागर बांध में भी पानी की आवक जारी है। अब तक 75 हजार 510 क्यूसेक पानी की आवक हो चुकी है। राजस्थान में आज कोटा, भीलवाड़ा, जयपुर, दौसा में अच्छी बारिश हुई।

**नई दिल्ली में** नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री बोले...

# PM के मार्गदर्शन में हर संकल्प को करेंगे पूरा



**2047** विकसित राजस्थान का रोड मैप किया पेश

■ विकसित राजस्थान के संकल्प पर दिलाया पीएम को विश्वास

■ रिफाइनरी की बढ़ी लागत 72937 करोड के अनुमोदन की डिमांड

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में शिरकत करते हुए विकसित राजस्थान 2047 का रोड मैप काउंसिल के सामने रखा। शर्मा कहा कि विकसित राजस्थान 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए हमारी सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में 10 संकल्प लिए हैं, जिनमें आगामी 5 वर्षों में प्रदेश की इकोनॉमी 350 बिलियन डॉलर की बनाने, बुनियादी सुविधाओं, शहरी ग्रामीण एवं क्षेत्रीय तथा मानव संसाधनों का विकास करना, किसानों का सशक्तीकरण, एमएसएमई को प्रोत्साहन देना और विरासत संरक्षण के साथ सबके लिए स्वास्थ्य, सुशासन जैसे महत्वपूर्ण घटकों को शामिल किया गया है। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने काम संभालते ही बिजली के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण एवं निर्णायक कदम उठाए हैं। हमने एनटीपीसी, एनटीपीसी ग्रीन, कोल इंडिया, एन.एल.सी और आरईसी जैसे केंद्रीय उपक्रमों के साथ 1 लाख 50 हजार करोड़ के एमओयू संपादित किए हैं। जिसके तहत 32 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो सकेगा, जो कि राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

### 2950 मेगावाट के सोलर ऊर्जा की परियोजना की तैयारी

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने 2950 मेगावाट की सोलर परियोजना के लिए भूमि आवंटित कर दी है तथा पीएम कुसुम योजना के तहत 7 महीने की अल्पावधि में 4386 मेगावाट क्षमता के प्रोडक्ट्स के लिए एलओआई जारी किए। इसी के साथ पीएम सूर्य घर योजना के तहत 4 लाख पंजीकरण हो चुके हैं तथा एक लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिन्हें जल्द ही पूर्ण किया जा सकेगा।

### राज्य बजट का 8.26% हेल्थ को समर्पित

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सम्मिलित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में 27 हजार 660 करोड रुपए का प्रावधान किया है, जो राज्य बजट का 8.26 प्रतिशत है। प्रदेश में शिक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने स्कूली शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए 134 राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूलों में प्राइमरी कक्षाओं का संचालन प्रारंभ कर दिया है तथा 402 पीएम श्री विद्यालयों में वर्चुअल ऑनलाइन लैब स्थापित किया जा रहे हैं।

### ERCP परियोजना की लंबित मांग को किया पूरा

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने ईआरसीपी परियोजना को रिवर लिंकिंग प्रोजेक्ट में सम्मिलित कर राज्य के 21 जिलों के 3 करोड़ 25 लाख लोगों के सपने को साकार किया है तथा चूरू, झुंझुनूं एवं सीकर जिले के निवासियों को यमुना से पानी उपलब्ध करवाने की लंबी मांग को पूरा किया गया है। इसी के साथ राजस्थान में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत इस वर्ष 15 हजार करोड़ रुपए व्यय करके 25 लाख घरों में जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### विकासोन्मुख कार्यक्रमों में केंद्र से मांगा सहयोग

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान राज्य में किए जा रहे विकासोन्मुख कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देने के साथ-साथ केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाखड़ा और पोंग बांध को पूर्ण क्षमता तक भरने के संबंध में शीघ्र निर्णय आवश्यक है, ताकि राज्य को उसके हिस्से का पानी आसानी से मिल सके। उन्होंने जल जीवन मिशन की अवधि मार्च 2027 तक बढ़ाने का आग्रह भी किया। राज्य को आवंटित 2 लाख सोलर पंप के लक्ष्य को बढ़ाकर 6 लाख करने का अनुरोध भी किया।

**जयपुर एसीबी की दौसा में बड़ी कार्रवाई**

# DEO 1.70 लाख रुपए की घूस लेते गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर एसीबी टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीबी ने दौसा के जिला आबकारी अधिकारी कैलाश चंद्र प्रजापत को 1.70 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आबकारी अधिकारी को शराब की लाइसेंसी दुकानों के संचालन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार पिछले सरकार के समय से दौसा जिले में तैनात जिला आबकारी अधिकारी कैलाश चंद्र प्रजापत लाइसेंसी दुकानों के संचालकों को परेशान करता कर रहा था।

एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एक शिकायत मिली थी, जिसमें बताया गया कि दौसा शहर में तीन लाइसेंसी शराब की दूकानें संचालित हैं। उन 3 दुकानों के संचालन के लिए डीईओ प्रजापति हर महीने 1.80 लाख रुपए रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा था। शिकायत को एसीबी जयपुर ने सत्यापित करवाया और शनिवार को दौसा जिला आबकारी अधिकारी कैलाश चंद्र प्रजापत को रंगे हाथों 1.70 लाख की रिश्वत लेते दबोच लिया। एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण मामला दर्ज किया और मामले की जांच की जा रही है।

### शराब की दुकानों के संचालन के लिए हर महीने 1.80 लाख रिश्वत की डिमांड





**मुठभेड़:** पाक सेना करवा रही घुसपैठ

# 1 आतंकी ढेर, 1 जवान शहीद... 4 जवान घायल



**बेधड़क** | कुपवाड़ा

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर के पास फोरेस्ट एरिया में आतंकियों के साथ शनिवार सुबह एनकाउंटर में सेना के राइफलमैन मोहित राठौर शहीद हो गए, जबकि मेजर समेत 4 जवान घायल हैं। मुठभेड़ हुई। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी के मारे जाने की खबर है।

रक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम आतंकियों की घुसपैठ करा रहा था। सुरक्षाबलों को कुपवाड़ा के कमकारी इलाके में इनकी खबर मिली। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग कर दी।

### विजय दिवस के दूसरे दिन हमला

यह हमला कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के एक दिन बाद हुआ है। बता दें, 26 जुलाई को पीएम मोदी ने कारगिल से पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था- भारतीय सेना आतंकवाद को कुचल देगी और दुश्मन के मंसूबों का मुंहतोड़ जवाब देगी।

### **टी20:** भारत ने में श्रीलंका को 43 रन से हराया



तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 43 रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर कप्तान सूर्या के 26 बॉल में 58 रन के सहयोग से 213 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 19.2 ओवर में 170 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर से पथुम निसांका ने सबसे ज्यादा 79 रन बनाए। वहीं, भारत की ओर से रियान पराग ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। उन्होंने 20वें ओवर में लगातार दो गेंदों पर दो विकेट झटका।

**बड़ी राहत भरी खबर**

# एड्स से बचाने वाली वैक्सीन तैयार, ट्रायल में मिले 100 फीसदी नतीजे

- दो बार की दवा का महिलाओं में 100% मिला रिजल्ट
- इंजेक्शन से दी जाने वाली वैक्सीन का नाम है लेनकापाविर
- अध्ययन में 55 संक्रमण सैंपल में से लेनकापाविर समूह में 0 संक्रमण पाया गया

**बेधड़क** | लंदन

दुनियाभर में एड्स के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। वैज्ञानिकों ने HIV ठीक करने वाले इंजेक्शन का सफल ट्रायल किया है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन में इसकी पूरी जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि इंजेक्शन के जरिए साल में दो बार दी जाने वाली एचआईवी-निवारक दवा से महिलाओं में 100 प्रतिशत रिजल्ट मिला है।

साथ ही, इसमें सुरक्षा संबंधी कोई चिंता भी नजर नहीं आई है। साल में दो बार इंजेक्शन के रूप में दी जाने वाली वैक्सीन का नाम लेनकापाविर है। इसे अमेरिका स्थित बायोफार्मास्युटिकल कंपनी जीलेड साइंसेज की ओर से प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस मेडिसिन के तौर पर डेवलप किया गया है। ये दवाएं उन लोगों में संक्रमण फैलने से रोकती हैं जो अभी तक रोग पैदा करने वाले वाहक के संपर्क में नहीं आए हैं।




### अध्ययन में युगांडा और दक्षिण अफ्रीका की युवतियां शामिल

कंपनी ने बयान में कहा कि अध्ययन में दक्षिण अफ्रीका और युगांडा की किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पता चला कि प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस लेनकापाविर ने शून्य HIV संक्रमण और 100 प्रतिशत असर दिखाया। एचआईवी या ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्लूइड से फैलता है। इलाज न किए जाने पर संक्रमण वर्षों में एड्स या एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम में बदल सकता है।

### कुछ इस तरह पूरी हुई यह स्टडी

ट्रायल 1 में 5,338 प्रतिभागियों को शामिल किया गया, जो शुरू में एचआईवी-निगेटिव थे। इन्हें तीन समूहों में बांट दिया गया। इनमें 2,134 को 26 सप्ताह के अंतर पर लेनकापाविर इंजेक्शन दिए गए। 2,136 को रोजाना गोली डेस्कोवी (एफ/टीएएफ) दी गई। 1,068 को प्रतिदिन गोली ट्रुवाडा (एफ/टीडीएफ) दी गई। दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन यूनिवर्सिटी के डेसमंड टूटू HIV सेंटर समेत रिसर्चर्स ने कुल 55 संक्रमण देखे। लेनकापाविर समूह में शून्य, डेसोवी समूह में 39 और ट्रुवाडा समूह में 16 संक्रमण पाए गए। इस तरह अध्ययन के लेखकों ने बताया साल में 2 बार लेनकापाविर लेने वाले किसी भी प्रतिभागी को एचआईवी संक्रमण नहीं हुआ।

## जरूरी खबर

### सीएम आज और राज्यपाल कल बीकानेर जाएंगे



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रविवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने बीकानेर जाएंगे। सीएम शर्मा अपराह्न 3.40 बजे नई दिल्ली से प्रस्थान करके 4.40 बजे नाल हवाई अड्डे पहुंचेंगे, जहां से शाम सवा पांच बजे कार्यक्रम स्थल मूलवास पहुंचेंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र सोमवार को एक दिवसीय दौरे के तहत बीकानेर जाएंगे। मिश्र पूर्वाह्न 10:35 बजे हवाई मार्ग द्वारा जयपुर से प्रस्थान करके पूर्वाह्न 11:20 बजे बीकानेर के नाल हवाई अड्डे पहुंचेंगे। यहां से वह पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (राजुवास) के अतिथि गृह जाएंगे।

### केवल भाषा नहीं, बहुत कुछ मरता है: मुख्य सचेतक



**जयपुर।** विधानसभा में मुख्य सचेतक एवं राष्ट्रीय कवि संगम के प्रदेशाध्यक्ष जोगेश्वर गर्ग ने कहा है कि जब कोई भाषा मरती है तो केवल भाषा नहीं मरती, बहुत कुछ मरता है। हमारा दुर्भाग्य है कि हमारी राजस्थानी इसी दौर से गुजर रही है। गर्ग शनिवार को उदयपुर में राष्ट्रीय तीर्थ प्रताप गौरव केंद्र में राष्ट्रीय कवि संगम के एक दिवसीय चित्तौड़ प्रांतीय अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थानी को राजभाषा का दर्जा दिलाने के लिए इसके सभी स्वरूपों के विद्वानों की एक समिति गठित कर इसके सभी घटकों को मिलाकर लिखित रूप के लिए मानक रूप निर्धारित करना होगा।

### राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री जयंत ने की मुलाकात



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से शनिवार को यहां केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से केंद्रीय मंत्री चौधरी ने यहां राजभवन में मुलाकात की जो राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

---

**विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में युवा संसद समारोह आयोजित**

# युवा संसद में उठे कोचिंग से लेकर करप्शन तक के सवाल

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान विधानसभा की तस्वीर शनिवार को बदली नजर आई, जिस सदन में चुने हुए जनप्रतिनिधि बैठा करते हैं, वहां स्कूली बच्चे बैठे नजर आए। आसान पर सभापति भी मौजूद थे। इस दौरान एक-एक कर स्कूली बच्चों ने कोचिंग से लेकर करप्शन तक के मुद्दे पर बेबाकी से सवाल पूछे।

छात्र युवा संसद में पेपर लीक, कोचिंग सेंटर्स में स्टूडेंट के सुसाइड के मामलों पर छात्रों ने सरकार की जमकर खिंचाई की। दरअसल, शनिवार को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में युवा संसद समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर स्कूली छात्रों ने जनप्रतिनिधियों की भूमिका निभाते हुए सदन में सवाल पूछे। किसी ने कोटा कोचिंग को लेकर सवाल किया तो कोई करप्शन के मुद्दे पर बेबाकी से अपनी बात रखता नजर आया। छात्रों ने सदन में इस तरह से बहस की कि देखने वाले भी दंग रह गए। एक दिन की विधायक सौम्या भदौरिया ने कहा कि वर्तमान में कोचिंग संस्थानों ने शिक्षा को व्यापार बना दिया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में छात्रों ने आत्महत्या की है। युवा संसद में विधायक बनी दिवा शर्मा ने कहा कि कोचिंग संस्थान छात्रों में भेदभाव करते हैं। दिवा बोलीं कि सरकार को कोचिंग संस्थाओं के लिए टाइमटेबल सेट करना चाहिए। कोटा में बच्चों पर दबाव का जिक्र किया। इस पर सबसे ज्यादा टेबल बजाकर सवाल का स्वागत किया। कोटा में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र सरकार को भी ध्यान देना होगा। उसके बाद युवा संसद में कोचिंग के खिलाफ सौम्या सिंह भदौरिया ने संकल्प प्रस्ताव रखा। इस सत्र में देशभर के 41 स्कूलों के 181 बच्चे शामिल हुए, जिन्होंने जनप्रतिनिधियों की भूमिका निभाई।

### युवा एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में काम करें

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि वर्तमान में कई बार असंसदीय घटनाओं के कारण मन व्यथित होता है। असहनशीलता इसका प्रमुख कारण है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सहनशील और शिक्षित बनकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा कार्य करते रहे। देवनानी ने कहा कि संविधान के आधार पर ही देश में विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका कार्य करती हैं, इसलिए देश के युवाओं को संविधान में अपनी गहरी आस्था रखनी चाहिए। राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में काम करें।

### देवनानी ने किया छात्रसंघ चुनाव कराने का समर्थन

विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने छात्रसंघ चुनाव कराए जाने का समर्थन किया है। विधानसभा में हुई युवा संसद के दौरान स्पीकर देवनानी ने कहा कि आपके छात्रसंघ के भी चुनाव होते हैं। पहले छात्रसंघ के चुनाव बड़े आदर्श के रूप में होते थे, लेकिन आज धीरे-धीरे उसमें कमियां आती जा रही है। ये होने चाहिए, क्योंकि इससे लीडरशिप डेवलप होती है, लेकिन इसमें जो कमियां आ रही है। यूथ जिस तरह इन्वॉल्व हो रहा है। कहीं न कहीं विचार करने की आवश्यकता है। देवनानी का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब सरकार ने छात्र संघ चुनावों को लेकर आधिकारिक तौर पर अपना रुख साफ नहीं किया है। हाल ही में सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी वार्षिक कैलेंडर में छात्र संघ चुनावों का जिक्र जरूर है, लेकिन चुनाव और तारीखों पर कोई फैसला नहीं हुआ है। देवनानी के बयान ने सियासी हलकों में चर्चा जरूर छेड़ दी है।

---

**लोकसभा अध्यक्ष ने प्लेटिनम जुबली सेमिनार में की शिरकत**

# न्याय इतना सुलभ और सस्ता हो कि गरीब तक पहुंच सके

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आम जनता को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय दिलाने में न्यायालयों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा है कि लंबित मुकदमों के समाधान के लिए नवाचार और नवीन तकनीकी का अधिकतम उपयोग आवश्यक है।

बिरला शनिवार को जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि न्याय इतना सुलभ और सस्ता हो कि गरीब तक पहुंच सके। राजस्थान उच्च न्यायालय ने देश को कई अत्यंत विशिष्ट न्यायाधीश और प्रख्यात अधिवक्ता दिए हैं जिन्होंने कानून और न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक यात्रा में न्यायालय के निर्णयों ने राजस्थान सहित देश के सभी लोगों के हितों को सुरक्षित और सशक्त किया है। बिरला ने सशक्त न्याय व्यवस्था को विकसित भारत के संकल्प का मूल आधार बताते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार और न्यायपालिका दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। आम जनता के लिए सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में न्यायालयों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ कम करने के लिए कई वैधानिक परिवर्तन किए हैं। बिरला ने आशा व्यक्त की कि न्यायपालिका भी इस दिशा में बराबर की भूमिका निभाएगी। उन्होंने न्यायालयों में लंबित मुकदमों के निपटान और न्याय व्यवस्था की खामियों को दूर करने के लिए नवाचार और नई तकनीकी के अधिकतम उपयोग पर बल दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राजस्थान उच्च न्यायालय में हो रहे नवाचारों से देशभर में न्यायिक उपक्रमों को प्रेरणा और दिशा मिलेगी।



### विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की रहेगी विशेष भूमिका

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र शासन के सभी अंगों के सामूहिक प्रयासों से 75 वर्षों की यात्रा में सशक्त हुआ है। उन्होंने याद दिलाया कि संविधान निर्माताओं ने संविधान के तीनों अंगों- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच दायित्वों और कार्यों का बंटवारा किया है ताकि तीनों अंग साथ-साथ चलते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका, तीनो अंगों द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग से जनता के जीवन को सहज, सरल और सुगम बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि इस महायज्ञ में देश के प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक संस्था को अपना संपूर्ण योगदान देना होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में उनकी विशेष भूमिका रहेगी।

### सरकार ने 'इज ऑफ लिविंग' के लिए अनगिनत काम

लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात पर संतोष जताया कि पिछले एक दशक में सरकार ने 'इज ऑफ लिविंग' के लिए अनगिनत कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के जीवन को आसान, सरल और सुगम बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास हुए हैं। उन्होंने इज ऑफ जस्टिस को इसी दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया और कहा कि इस दिशा में न्यायपालिका की बड़ी भूमिका है। प्रभावी न्याय प्रणाली को विकसित भारत के संकल्प का एक महत्वपूर्ण अंग बताते हुए बिरला ने कहा कि सरल, सुलभ और त्वरित न्याय इसके तीन प्रमुख स्तंभ है और सभी हितधारकों को इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभानी पड़ेगी।

### देश में अब न्याय व्यवस्था का नया युग

बिरला ने संसद द्वारा पुराने कानूनों के स्थान पर पारित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, न्याय संहिता और साक्ष्य अधिनियम को देश की न्याय व्यवस्था का नया युग बताया। उन्होंने न्यायालयों और अधिवक्ताओं को इन तीनों नए कानूनों में अध्ययन और इनका अधिकतम लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास पर बल दिया। समानता, न्याय और स्वतंत्रता को देश के संविधान की मूल भावना बताते हुए उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की न्यायपालिका ने इन मूल सिद्धांतों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य किया है। लोकतंत्र के सशक्तीकरण और जन विश्वास बढ़ाने में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मूल अधिकारों के संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। निष्पक्ष चुनाव आयोग पर जनता का भरोसा और चुनाव में लोगों की भागीदारी को भारतीय लोकतंत्र की बड़ी ताकत बताते हुए बिरला ने कहा कि लोकसभा चुनाव में 65 करोड़ लोगों ने भाग लिया, जिससे संपूर्ण विश्व अचंभित। उन्होंने इसे दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक बताया।

### 'न्यायपालिका मजबूत है इसलिए भारत का लोकतंत्र मजबूत'

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि न्याय पालिका मज़ूबत है इसलिए भारत का लोकतंत्र मजबूत है और इसकी विश्वसनीयता देश और दुनिया में एक अलग पहचान रखती है। राजस्थान हाई कोर्ट की प्लेटेनियम जुबली महोत्सव के तहत आयोजित सेमीनार में भाग लेने आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एयरपोर्ट पर पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता करते हुए कहा कि हमारी न्याय यात्रा बहुत स्पष्ट और पारदर्शी है। लोकतंत्र में न्यायपालिका मजबूत होने से पूरा लोकतंत्र मजबूत रहता है। लोकतंत्र की मजबूती का आभास इसी से होता है कि लोकतंत्र की स्थापना के समय जो विकास के लिए 400 करोड़ से बजट यात्रा शुरू की थी वो आज 48 लाख हजार करोड़ पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान हाई कोर्ट का भी देश की न्याय पालिका में विशिष्ट स्थान रहा है। राजस्थान हाई कोर्ट के कई न्यायाधिपति ने सुप्रीम कोर्ट में भी न्यायाधपति की भूमिका निभाई है। इसके साथ राजस्थान हाईकोर्ट में वकालत करने वाले कई अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट तथा अंतराष्ट्रीय कोर्ट में भी अपनी वकालत का लोहा मनवाया है।

---

**ममता पर केंद्रीय मंत्री के बेतुके बोल**

# बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल, दीदी बनाना चाह रही नया राष्ट्र



**बेधड़क** | जयपुर

दिल्ली में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नहीं आना अब चर्चा का विषय बन गया है, इसको लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को बड़ा बयान दिया। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह दो दिवसीय जोधपुर के दौरे पर हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री को सूचित करके बैठक में नहीं आए। कोई कांग्रेस के मुख्यमंत्री नहीं हैं, जो पॉलिटिकल प्रधानमंत्री का विरोध कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी सियासी कलाकारी में माहिर हैं। वो जहां भी जाती हैं, अपनी कला का प्रदर्शन करती हैं। बंगाल में भी वो हिंदुओं के साथ कला का प्रदर्शन कर रही हैं। बांग्लादेशी और रोहिंग्यों के लिए उन्होंने रेड कार्पेट बिछा रखा है।

उन्होंने कहा कि बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल हो गया है। हिंदू को वहां से पलायन करना पड़ रहा है। आज बंगाल में हिंदू डरा और सहमा हुआ है। यही वजह है कि आहिस्ते-आहिस्ते लोग वहां से पलायन कर रहे हैं। व्यवसायी भी बंगाल छोड़ रहे हैं। वो मुख्यमंत्री होते हुए भी एक नए राष्ट्र की कल्पना कर रही हैं।

## 'कृषि के बाद टैक्सटाइल उद्योग सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र'



**जयपुर।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा कि कृषि के बाद रोजगार देने वाला क्षेत्र है तो वह टैक्सटाइल हैंडलूम और हैंडक्राफ्ट है। जोधपुर एक बहुत बड़ा सेंटर है। हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम और टैक्सटाइल के क्षेत्र में बहुत आसार यहां है। भारत सरकार हर क्षेत्र में नए- नए विकास कर रही है। राजस्थान में भी जितना हो सकेगा उसमें कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दो दिवसीय जोधपुर प्रवास पर आए केंद्रीय मंत्री यहां एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि देश में बढ़ती आबादी से आज भारत पूरे विश्व का पहली आबादी वाला देश बन गया है। यह अवसर भी है और चुनौती भी है। आने वाले समय में भारत बीस प्रतिशत आबादी वाला देश होगा, मगर हमारे पास मात्र 4 प्रतिशत जमीन है। दो ढाई प्रतिशत पानी है। इसलिए इस पर अब कोई कानून बनना चाहिए। उन्होंने कहा- निश्चित रूप से इस पर सड़क से लेकर संसद तक बहस होनी चाहिए। केंद्रीय वस्त्र मंत्री के जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर भाजपा के राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, स्थानीय विधायकों सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता एयरपोर्ट पर मौजूद रहे।

---

**केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी बोले...**

# 'नौजवान और उद्यमिता की क्षमता विकसित करने का काम कर रही सरकार'

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार नौजवान और उद्यमिता की क्षमता उनके अंदर विकसित करने का काम कर रही है। ताकि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके। इसके लिए हमने 20 लाख लोगों को पांच साल में ट्रेंड करने और 1000 आईटीआई को अपग्रेड करने का लक्ष्य रखा है।

कौशल विकास विभाग द्वारा अब स्कूलों से ही स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जाएगी। हमारी सरकार कक्षा 6 से ही उन्हें कौशल विकास की ट्रेनिंग देगी। इसके साथ ही हायर एजुकेशन में भी स्टूडेंट्स को स्किल डेवलप करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके साथ ही श्रमिकों को भी हम ट्रेनिंग देंगे। ताकि देश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बेहतर रोजगार दिया जा सके। चौधरी शनिवार को जयपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पॉलिटिकल बयानबाजी नहीं करना चाहूंगा, फिर भी रिजल्ट सामने है। हम जीते हैं, कुछ लोग हारे हैं। विपक्ष की अपनी भूमिका होती है, लेकिन सत्ता पक्ष की अपनी जिम्मेदारी होती है।



### MNIT में जोनल कॉन्फ्रेंस को किया संबोधित

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि स्पीड, स्किल, सैचुरेशन और कन्वर्जेंस स्किल इकोसिस्टम के लिए हमारी सरकार के मंत्र हैं। चौधरी शनिवार को जयपुर के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित जन शिक्षण संस्थानों के लिए जोनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से डायनमिक जॉब मार्केट के लिए व्यक्तियों को बेहतर ढंग से तैयार करने के लिए फ्यूचरिस्टिक, इंडस्ट्री रेलेवेंट स्किल अपनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। प्रोग्रेस पर चर्चा करते हुए चौधरी ने कहा, जमीनी स्तर पर लोग सामाजिक उत्थान के लिए जेएसएस के विजन और मिशन के वास्तविक प्रभाव के साक्षी हैं। यह देखकर खुशी होती है कि हमारे 82 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं और हाशिए पर पड़े समुदायों से हैं, जिनके पास पहले अवसरों और औपचारिक शिक्षा का अभाव था। इस योजना की गतिशीलता हमारे राष्ट्र की भावना - एक विकसित भारत के सपने को दर्शाती है। आज के तेजी से बदलते हुए समय में एक बात तय है कि उत्सुक भारत-युवा भारत इंतजार नहीं करेगा।

### हम परिवार की तरह कर रहे हैं काम

उत्तर प्रदेश में चल रहे सियासी घटनाक्रम पर चौधरी ने कहा कि परिवार में आपस में थोड़ा बहुत संवाद और बातचीत होती है। यह लोकतंत्र का सिद्धांत है। उसी संवाद के आप लोग अलग मायने निकालते हो। यहां ऐसी कोई बात नहीं है। आप मसाला लगाओ, कुछ नहीं है। हम परिवार की तरह काम कर रहे हैं। जनता ने बड़ा मैंडेट दिया गया है। तीसरी बार देश में मोदी सरकार बनी है। आजादी के बाद इस देश के लोकतंत्र में दूसरी बार हो रहा है। फिर लगातार एक ही सरकार को मैंडेट मिला है। इससे जनता का विश्वास झलकता है।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश मान रही राज्य सरकार

चौधरी ने उत्तर प्रदेश में कावड़ यात्रा के दौरान दुकानों के बाहर मालिक का नाम अंकित करने से जुड़े मामले पर कहा कि अब इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश आ गया है। मेरे देखने न देखने का क्या मतलब रह गया है। अब तो यह हो चुका है। इसे सरकार ने स्वीकार किया है। चौधरी ने हरियाणा चुनाव से पहले अभय चौटाला से मुलाकात पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि आज हमारा राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। कांग्रेस के जिम्मेदार विधायक, महापौर, मंत्री सब लोग राजनीतिक दृष्टि से नहीं बल्कि कौशल विकास के संदर्भ में यहां आए हैं।

## जरूरी खबर

### 125 ऑप्टिशियन को फ्रेम और लेंस फिटिंग की ट्रेनिंग



**जयपुर।** जयपुर जिला ऑप्टिशियन एसोसिएशन के सदस्यों के लिए एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन शास्त्री नगर स्थित सांइस पार्क के ऑडिटोरियम में किया गया। इसमें 125 सदस्यों को संगठन की वरिष्ठ सदस्यों ने ऑप्टिशियंस को ट्रेनिंग दी। सरदार जसविंदर सिंह द्वारा फ्रेम और लेंस फिटिंग की ट्रेनिंग दी गई। वहीं अनंत लखोटिया ने आंखों से संबंधित बीमारियों की पहचान के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र खन्ना और निरंजन राठी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। ट्रेनिंग के उपरांत एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राधे श्याम गढ़वाल और समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। महासचिव राकेश राव ने बताया कि मंच संचालन पंकज मिश्रा द्वारा किया गया।

### मंदिर में 135 श्रद्धालु उपचार से हुए लाभान्वित

**जयपुर।** श्री अमरापुर स्थान में शनिवार को आयोजित निःशुल्क होम्योपैथी कैंप में 135 प्रेमी श्रद्धालु उपचार के माध्यम से लाभान्वित हुए। इस मौके पर बताया गया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से सभी प्रकार के रोगों का इलाज संभव है। इस चिकित्सा पद्धति में उपचार के अंतर्गत समय थोड़ा अधिक लगता है, किंतु उपचार पूर्ण रूप से सफल होता है। संतो द्वारा कैंप का आयोजन करने वाले सभी डॉक्टर एवं परामर्शदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित कर आशीर्वाद दिया गया। इस मौके पर अमरापुर दरबार में पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया। गौरतलब है कि सावन मास में श्री अमरपुरेश्वर मंदिर में प्रतिदिन सुबह 24 मिनट भोले बाबा का बिल्व पत्र एवं गंगा जल से अभिषेक पूजा पाठ किया जा रहा है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**कल्याण सिंह कालवी की 33वीं पुण्यतिथि पर बोले श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष**

# जो जितनी बड़ी गाली देगा, वो उतना ही बड़ा नेता बनेगा: कालवी

बेधड़क । जयपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्याण सिंह कालवी की 33वीं पुण्यतिथि पर भवानी निकेतन में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा और पौधारोपण का कार्यक्रम हुआ। श्रद्धांजलि सभा में राजपूत समाज समेत कई समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान नेताओं ने आपसी विवाद खत्म कर सर्वसमाज के लिए काम करने की बात कही।

इस मौके पर श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह कालवी ने कहा कि श्रद्धांजलि सभा में सर्वसमाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान वृक्षारोपण कर समाज को हरियाली का संदेश दिया है। जब ये वृक्ष बड़े होंगे और ये छाया देंगे तो किसी एक समाज के लोगों को इससे फायदा नहीं, बल्कि सर्वसमाज को फायदा होगा। समाज के लोगों में एकजुटता है। कहीं-कहीं छोटी मोटी कहासुनी हो जाती है। समाज आदिकाल से साथ ही चला आया है। ये जातिवाद जब से आया, तब से जातिगत टिप्पणी बढ़ गई। कोई नागौर का नेता हमको एक गाली देगा तो वो बड़ा नेता बन जाएगा। फिर बीकानेर का चार देगा, वो कहेगा मैं नागौर से बड़ा नेता बनूं। फिर जयपुर वाला नेता 6 गालियां दे देगा कि मैं बीकानेर वाले से बड़ा नेता बनूं। यह रीत चलती जाएगी कि जो जितनी बड़ी गाली देगा वो उतना ही बड़ा नेता बनेगा। लेकिन, फिर हम सब शाम को एक साथ बैठकर काम धंधे भी करते हैं। हमारी आपस में बोलचाल भी होती है। स्कूल में कोई जातिवाद नहीं होता था। कई जाट नेता, गुर्जर नेता, मीणा नेता मेरे खूब दोस्त हैं। हमको स्कूल में तो जातिवाद पता ही नहीं होता। कॉलेज तक पता नहीं होता। जातिवाद का जहर कॉलेज के बाहर घुलता है।



### राजनेता समाज में दो फाड़ करते हैं

प्रताप सिंह बोले कि नाथूराम जी और कल्याण सिंह जी की जब जोड़ी थी वे 51 से 52 सीटें जीत के यहां लाए। उस वक्त जाट राजपूत की एकता दिखी, तो राजस्थान की सरकार भी उन्होंने बनाकर दिखाइ। जब भी दो जाति, तीन जाति एक होती हैं, तो वो सरकार जरूर बनाती हैं। ये डर राजनेताओं को हमेशा रहता है कि कैसे इनको अलग फाड़ करके रखो। इसके बावजूद 36 कौम हर मुद्दे पर एक दूसरे के लिए लड़ते हुए आई है। यह मुहिम जब कल्याण सिंह कालवी की जोड़ी नाथूराम जी के साथ थी तब भी दिखी थी। जब गुर्जर आंदोलन हुआ तब भी लोकेंद्र सिंह साहब थे, सबके साथ जाकर खड़े हुए।

### एक लाख पेड़ लगाएंगे

श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने आए कोलायत विधानसभा क्षेत्र से विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने कहा कि आज हम सबके आदरणीय कल्याण सिंह कालवी की 33वीं पुण्यतिथि पर सभी 36 कौम के नेता एकत्र हुए हैं। आज हम सबने संकल्प लिया है कि उनकी स्मृति में पूरे राजस्थान के अंदर एक लाख से अधिक पेड़ लगाएंगे। जिस प्रकार कल्याण सिंह कालवी साहब का एक व्यक्तित्व था। वे हमेशा 36 कौम को साथ लेकर आगे बढ़े। हमेशा संघर्ष करते रहे। उन्होंने छोटे से छोटे हर कार्यकर्ता को अहमियत दी।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, रिछपाल मिर्धा, राज्य मंत्री मंजू भागमार, मंजीत पाल सिंह, श्रवण सिंह बगड़ी, राम सिंह चंदलाई और अन्य करणी सैनिक मौजूद रहे।

**जांच में फर्जी निकली डिग्रियां, एसओजी ने पांच FIR दर्ज की**

# खेलों का बेसिक तक नहीं पता और बन गए पीटीआई

बेधड़क । जयपुर

क्रिकेट बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बॉक्सिंग जैसे खेलों की बेसिक जानकारी भी नहीं हैं और वो पीटीआई बन गए। एसओजी ने पीटीआई भर्ती परीक्षा (शारीरिक शिक्षक भर्ती) 2022 में पास हुए पांच ऐसे अभ्यर्थियों पर एफआईआर दर्ज की है। अब जल्द ही इनकी गिरफ्तारी हो सकती है।

जांच में सामने आया कि इन्होंने डमी अभ्यर्थी बैठकर परीक्षा पास की है। इनकी डिग्रियां भी फर्जी हैं। इसके लिए एसओजी एक महीने से जांच कर रही थी। अब एसओजी ने जांच रिपोर्ट सीनियर अधिकारियों को सौंप दी है। एसओजी की जांच में सामने आया है कि पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में पास हुए अभ्यर्थियों के पास बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) की सामान्य डिग्री तक नहीं है। आरोपियों ने फर्जी डिग्री लेकर सरकारी नौकरी हासिल की है। एसओजी द्वारा की गई जांच में अब तक पांच पीटीआई के खिलाफ मिली शिकायत की पुष्टि हो चुकी है।

एसओजी को हेल्पलाइन नम्बर से अलवर जिले में तैनात सरकारी स्कूल के पीटीआई के बारे में भी जानकारी मिली है। अलवर में लगे हुए कुछ पीटीआई भी इसी प्रकार से परीक्षा पास करके नौकरी पर लगे हैं। एसओजी उनके दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच पूरी होने पर उन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि जांच में पुष्टि होने के बाद पांच पीटीआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन लोगों से जल्द पूछताछ कर इनकी गिरफ्तारी की जाएगी।




### क्रिकेट बॉल की मोटाई भी नहीं

सूत्रों के अनुसार, एसओजी की जांच में सामने आया है कि इन पांच पीटीआई को बेसिक गेम जैसे क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलिबॉल और बॉक्सिंग के यार्ड (मैदान के क्षेत्रफल) की जानकारी भी नहीं है। दो पीटीआई को 20-20 क्रिकेट मैच और टैस्ट मैच के बेसिक क्लियर नहीं हैं। क्रिकेट बॉल की मोटाई पूछने पर एक पीटीआई ने तो हाथ से इशारा करके बता दिया कि इतनी मोटी होती है। मोबाइल लोकेशन भी सेंटर के पास की नहीं मिली। एसओजी ने कहा कि राजस्थान स्टाफ सलेक्शन बोर्ड की और से शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2022 परीक्षा का आयोजन 25 सितम्बर 2023 को हुआ था। इस परीक्षा में बड़ी संख्या संख्या में डमी अभ्यर्थी बैठे। इनके कारण बड़ी संख्या में अयोग्य लोग राजस्थान सरकार के सरकारी स्कूलों में पीटीआई लग गए। पेपर लीक के आरोपियों की परीक्षा के दिन की मोबाइल लोकेशन चैक की गई। उनकी लोकेशन सेंटर के आसपास की नहीं मिली। ये लोग सेंटर ही नहीं जिले से भी बाहर थे।

### इन पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- सांचोर के रहने वाले मनोहर लाल का जयपुर के मुरलीपुरा में सेंटर आया था। उसकी जगह डमी कैंडिडेट ने परीक्षा दी थी। शिकायत मिलने के बाद अभ्यर्थी मनोहर लाल के दस्तावेजों की जांच की। जांच में आवेदन पत्र, परीक्षा प्रवेश पत्र और जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्राप्त बीपीएड की डिग्री फर्जी पाई।
- जालोर के सायला का रहने वाले ईश्वर सिंह का परीक्षा केंद्र मुरलीपुरा के प्रिंस स्कूल में आया था। उसकी जगह डमी कैंडिडेट ने परीक्षा दी थी। ओपीजेएस विश्वविधालय में बीपीएड सत्र 2018-20 अभ्यर्थी ईश्वर सिंह का नाम नहीं मिला। उसने शारीरिक शिक्षक की नौकरी बैक डेट में फर्जी तरीके से ओपीजेएस विश्वविधालय की डिग्री और मार्कशीट से प्राप्त की है।
- सांचोर के रहने वाले सुरेश कुमार का परीक्षा केंद्र महात्मा गांधी स्कूल में आया था। सुरेश के स्थान पर डमी कैंडिडेट ने परीक्षा दी थी। सुरेश कुमार ने जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद (उत्तर प्रदेश) से बीपीएड की डिग्री प्राप्त की थी। आवेदन पत्र में बीपीएड उर्तीण करने का साल 2021 अंकित किया गया है।
- जोधपुर के बिलाड़ा में रहने वाले महेन्द्र कुमार बिश्नोई का सेंटर शास्त्री नगर स्थित टैगोर विद्या भवन में था। आरोप है कि महेन्द्र ने अपनी जगह डमी कैंडिडेट बिठाकर परीक्षा पास की। जब आरोपी से बीपीएड का सर्टिफिकेट मांगा गया तो आरोपी ने अमरावती विवि से बीपीएड की फर्जी डिग्री दे कर नौकरी ले ली।
- श्रवण सिंह का सेंटर मुरलीपुरा में शहीद मेजर योगेश अग्रवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आया था। उसने अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बिठा कर परीक्षा दी। वह पास भी हो गया और पीटीआई भी बन गया। आरोपी ने एकलव्य यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश से बीपीएड की डिग्री लगाई, जो फर्जी निकली।

**नर्सेज एसो. कार्यकारिणी का विस्तार**

# चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष मीना कुमारी जिला उपाध्यक्ष बनाई गईं



बेधड़क। जयपुर

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की ओर से शनिवार को कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत ने कृष्ण चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष, मीना कुमारी वैष्णव को जिला उपाध्यक्ष, सुनील शर्मा को जिला मंत्री, प्रीति रानी को जयपुर जिला महिला मंत्री, कुलदीप चौधरी, शंकर लाल शर्मा और योगेश मीना को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया।

इस अवसर पर एसोसिएशन की प्रदेश महिला मंत्री मालती शर्मा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जयपुर जिलाध्यक्ष महिपाल समोता और रोहिताश चौधरी ने सभी पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी के साथ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत का स्वागत किया।

### सफाईकर्मियों ने निकाली प्रभात फेरियां

**जयपुर।** सफाई कर्मचारियों की भर्ती में प्राथमिकता देने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों ने शनिवार सुबह हाजरी गाहों पर एकत्रित होकर वार्डों में प्रभात फेरिया निकाली। साथ ही हेरिटेज निगम यूनियन कार्यालय में भी बैठक की। इसमें वाल्मीकि समाज के नेता सुरेश कल्याणी, मिलाप चन्द गुजराती, अशोक भाया, झूमर चन्द कोठयारी, माणक थामेथिया, नवल बबेरवाल, राजू गोडिवाल, दिनेश बेनीवाल ने सम्बोधित किया।

**पशु प्रबंधक शाखा ने किया 60 किलो मीट जब्त**

# खुले में मांस बेचने पर 4 दुकानें सीज

बेधड़क । जयपुर

नगर निगम हेरिटेज की पशु प्रबंधक शाखा ने शनिवार को नियम विरुद्ध तरीके से मीट का बेचान करने के मामले में चार दुकानों को सीज किया है। वहीं मीट की दुकानों पर अनियमितता पाए जाने पर 10 हजार रुपए का चालान काटा गया है। कार्रवाई के दौरान 60 किलो मीट जब्त कर नष्ट करवाया गया है। पशु प्रबंधन शाखा ने शनिवार को खुले में मांस बेचने पर नाहरी का नाका, चंद्र शेखर की बगीची, शास्त्रीनगर और मदीना मस्जिद इलाके में चार दुकानों को सीज किया है। पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त ने मीट की दुकानों पर अनियमितता पाए जाने पर 10 हजार रुपए का चालान किया गया है। दुकानों को सीज करने के साथ 60 किलो मीट जब्त कर उसे नष्ट करवाया गया है। पशु प्रबंधक शाखा द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले 20 दिनों में 20 दुकानों को सीज करने के साथ 350 किलो मीट जब्त किया जा चुका है। हेरिटेज निगम द्वारा चारदीवारी सहित निगम क्षेत्र में खुले में मांस बेचने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई।



**चालानशुदा बदमाशों के 1007 ठिकानों पर पुलिस ने दी दबिश**

# 3 घंटे में 344 बदमाशों को किया अरेस्ट

बेधड़क । जयपुर

पुलिस ने शनिवार सुबह 1007 चालानशुदा बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस शहरभर में 3 घंटे दौड़ती रही। पुलिस टीम पूछताछ के लिए 418 बदमाशों को पकड़कर थाने लाई। पूछताछ के बाद 344 बदमाशों को अरेस्ट किया गया है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए और सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए आर्म्स एक्ट और स्नेचिंग के चालानशुदा अपराधियों को पकड़ने की प्लानिंग की गई। पुलिस अधिकारियों सहित 3 हजार पुलिसकर्मियों ने शनिवार तड़के शहरभर में अपराधियों को पकड़ने के लिए शहरभर में दबिश दी। तड़के 4 बजे से स्टार्ट हुए पुलिस दबिश तीन घंटे चली। शहर भर में तीन घंटे दौड़ती पुलिस टीमों ने 1007 चालानशुदा क्रिमिनिलर्स के ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस टीमें 418 क्रिमिनल्स को पकड़कर थाने लेकर आई। पूछताछ के बाद 344 बदमाशों को अरेस्ट किया गया, जिनके कब्जे से 16 संदिग्ध वाहन जब्त किए गए



**रीको इंडस्ट्रियल एरिया में मॉकड्रिल**

# कालाडेरा में फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल की 5 गाड़ियों ने बुझाई

बेधड़क । जयपुर

कालाडेरा थाना क्षेत्र के रीको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में शनिवार दोपहर अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर चौमूं से 3, कालाडेरा और मंडा रीको एरिया से एक-एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। एक साथ इतनी गाड़ियां दमकल की कालाडेरा क्षेत्र में जाने की सूचना पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। बाद में पता चला यह मॉकड्रिल थी।

**सूचना मिलते ही पहुंची फायर की गाड़ियां:** दमकलकर्मी और फायर की गाड़ियां मौके पर पहुंची तो पता चला कि पुलिस कंट्रोल रूम से एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी, लेकिन मौके पर पहुंचे तब पता चला मॉकड्रिल करवाई गई थी। इस मौके पर जयपुर ग्रामीण एसपी शांतनु कुमार सिंह सहित जिले के तमाम अधिकारी और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। चौमूं उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ भी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मी आग बुझाने का प्रयास करने लगे। तभी पता चला की यह मॉकड्रिल करवाई गई थी। तब जाकर अधिकारियों और दमकलकर्मियों ने राहत की सांस ली।





### मॉकड्रिल का पता चलने पर राहत

चौमूं अग्निशमन अधिकारी जय कुमार जांगिड़ ने बताया कि कालाडेरा रीको स्थित एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने की जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी। इस पर तुरंत प्रभाव से तीनों दमकल की गाड़ियों और मय जाब्ते के मौके के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचे तो पुलिस के आला अफसर सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। तब जाकर पता चला कि यह सिर्फ एक मॉकड्रिल करवाई गई थी, तब जाकर दमकलकर्मियों ने भी राहत की सांस ली।

## जरूरी खबर

### सांसद से मिलकर किसान आज करेंगे मुआवजे की मांग



**सीकर।** जिले के किसान इस बार खीरे के बीजों में आई खराबी के कारण परेशान है। किसानों को पिछली बार के मुकाबले इस बार न के बराबर मुनाफा हुआ है। कुछ किसानों के तो ये हाल है कि खराब बीज मिलने के कारण लागत भी नहीं मिल पाई है। उन्नत किसान खेमाराम दूण और जवान सिंह ने बताया कि खराब बीजों की समस्या को लेकर हमने कई बार किसान हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की है, जिसके बाद कंपनी के कुछ कर्मचारियों ने आकर मौका स्थिति का मुआयना किया, लेकिन उन्होंने हमें अभी तक इन खराब बीजों को लेकर कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे रहे हैं। इसलिए अब हम सभी किसान सीकर सांसद अमराराम से मिलकर इस समस्या के समाधान की मांग करेंगे। हम सभी किसान चाहते हैं कि कंपनी हमे खराब बीजों का मुआवजा दे।

### दो खानधारकों पर 19 करोड 68 लाख का जुर्माना

**डूंगरपुर।** जिले के दो खानधारकों के ई-रवन्ना का दुरुपयोग करने पर 19 करोड़ 68 लाख रुपये का जुर्माना किया गया है। खान सचिव आनंदी ने शनिवार को बताया कि खान विभाग ने अचानक निरीक्षण के दौरान डूंगरपुर जिले में अलग-अलग स्थानों पर खनिज मेसेनरी स्टोन और खनिज क्वार्टज के दो लीज धारकों द्वारा ई-रवन्ना का दुरुपयोग करने का बड़ा मामला पकड़ा है। उन्होंने बताया कि विभाग ने दोनों पर कुल 19 करोड़ 68 लाख 27 हजार 996 रुपये के जुर्माने का वसूली नोटिस जारी करके ई-रवन्ना बंद करने के साथ ही तुला यंत्र को भी निष्क्रिय कर दिया है।

### पॉक्सो एक्ट में जीजा-साले अरेस्ट दोनों को भेजा जेल



**चाकसू।** उपखंड के कोटखावदा थाना क्षेत्र के एक गांव में जीजा व उसका साला 17 वर्षीय नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गए थे और उसके साथ दुष्कर्म किया था। कोटखावदा थाना प्रभारी अब्दुल वहीद ने बताया कि इस पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट मामले में आरोपी दिनेश व सूरज बैरवा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## दो बच्चों के पिता से हुई मोहब्बत... सभी बंधनों को तोड़कर लाहौर से पहुंची भारत

# रहमान के लिए सरहद लांघकर पाक से भारत आई मेहविश

**बेधड़क** | चूरू

कहते हैं प्यार की न कोई सीमा होती है और ना ही प्यार करने वालों को कोई रोक सकता है। बहुचर्चित सीमा हैदर की लव स्टोरी के बाद अब एक और पाकिस्तानी दुल्हन भारत आई है। पाकिस्तान के लाहौर की रहने वाली 25 वर्षीय मेहविश सभी बंधनों को तोड़कर भारत आई और उसने राजस्थान के चूरू स्थित पिथिसर ग्राम निवासी दो बच्चों के पिता रहमान से निकाह कर लिया। मेहविश अपनी बहन के घर इस्लामाबाद रहा करती थी।



उसने प्यार के लिए अपने दो बच्चों को भी छोड़ दिया, इधर रहमान भी शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। रहमान की पहली पत्नी फरीदा बच्चों सहित अपने पीहर भादरा में रहती है। मेहविश को उसके ससुराल वाले बाघा बॉर्डर से लेकर रतननगर थाने पहुचे हैं, जहां पाकिस्तान की इस दुल्हन से पूछताछ की गई और उसके दस्तावेजों की जांच की गई। मेहविश ने बताया कि वो पाकिस्तान के लाहौर की रहने वाली है, जब वो दो साल की थी तो उसकी मां का देहांत हो गया और करीब 15 साल पहले उसके पिता जुल्फीकार की भी मौत हो गई। 12 साल पहले वो अपनी बहन साहिमा के पास इस्लामाबाद आ गई थी, जहां उसने दो माह तक ब्यूटी पार्लर का काम सीखा। वो पिछले 10 साल से ब्यूटी पार्लर का काम कर रही है। साल 2006 में बादामी बाग के एक व्यक्ति से उसकी शादी हुई थी। उसके पहले पति से दो बेटे हैं, जिनकी उम्र 12 और 7 साल है। शादी के बाद उसके पहले पति ने उसे छोड़ दिया और दूसरी शादी कर ली।

### चार साल पहले हुई थी पहचान

मेहविश ने बताया कि जब वो अकेले जिंदगी जी रही थी, उसी वक्त उसकी इमो पर चूरू निवासी 30 वर्षीय रहमान से पहचान हुई। दोनों मोबाइल पर बातें करने लगे और इनका प्यार परवान चढ़ने लगा। महविश ने अपनी बहन और बहनोई से बातचीत कर रहमान को शादी के लिए प्रपोज किया। प्रपोज करने के तीन दिन बाद साल 2022 में मेहविश ने रहमान से वीडियो कॉन्फ्रेंस पर शादी की। साल 2023 में मेहविश उमरा गई, जहां रहमान भी पहुंचा और दोनों ने मक्का में निकाह कर लिया।

### बाघा बॉर्डर से चूरू पहुंची महिला

अब मेहविश अपने प्यार के लिए सीमा पार करके भारत आ गई। वह इस्लामाबाद से 25 जुलाई की शाम 7:00 बजे अपने परिवार के साथ रवाना हुई थी। परिवार के लोग उसे बाघा बॉर्डर पर अकेला छोड़कर चले गए, जहां पाकिस्तान सेना और भारतीय सेना ने उसके दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। जब पासपोर्ट में लगी फोटो देखकर थानाधिकारी ने कहा कि क्या यह फोटो तुम्हारी है तो महविश ने जवाब दिया पाकिस्तान की सरकार झूठ नहीं बोलती यह फोटो मेरी है। तब उसने अपना मास्क उतार कर चेहरा दिखाया। मेहविश 45 दिनों के टूरिस्ट वीजा पर भारत आई है। सरहद पर खड़े ससुराल के लोग उसे निजी वाहन से लेकर रवाना हुए और फिर सरदारशहर में एक रात रुककर उसे गांव पिथिसर ले आए।

### कुवैत में ट्रांसपोर्ट का काम करता है रहमान

चूरू के रतन नगर थाना अंतर्गत गांव पिथिसर का रहने वाला रहमान कुवैत में ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है। दो भाइयों में रहमान बड़ा है और उसका छोटा भाई सलीम गांव में ही रहता है जो खेती-बाड़ी और परचून की दुकान चलाता है। रहमान का पिता अली शेर पशुपालक और खेती-बाड़ी करता है। रहमान की शादी साल 2011 में भादरा के फरीद के साथ हुई थी। रहमान के दो बच्चे हैं। शादी के बाद रहमान की अपनी पत्नी से अनबन हो गई, फिलहाल फरीदा अपने मायके भादरा में रह रही है।

## उदयपुर में काल बनकर सड़क पर दौड़ी बोलेरो

# 4 भाइयों को कुचला, मौत

**बेधड़क** | उदयपुर

उदयपुर में तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े 4 चचेरे भाइयों को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में 2 भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 भाइयों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह दर्दनाक हादसा ऋषभदेव थाना इलाके में उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे-48 पर हुआ।

जानकारी के अनुसार, उदयपुर के परसाद कस्बे चणावदा गांव निवासी 4 चचेरे भाई काम के लिए बाइक से अहमदाबाद जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर जा रहे 2 भाइयों को रास्ते में सूचना मिली कि अहमदाबाद में भारी बारिश हो रही है, ऐसे में अभी काम मिलना मुश्किल है। इस पर वह एक होटल के सामने रुक गए और पीछे आ रहे 2 भाइयों का इंतजार करने लगे। वहां पहुंचकर चारों भाई मिले तो हाईवे किनारे ही खड़े होकर बात करने लगे। इस दौरान एक तेज रफ्तार बोलेरो वहां आई चारों भाइयों को कुचल दिया।

पुलिस ने बताया कि परसाद कस्बे के पास चणावदा गांव निवासी 4 चचेरे भाई शुक्रवार रात करीब 10 बजे बालाजी होटल के पास खड़े थे। इस दौरान आई एक तेज रफ्तार बोलेरो ने चारों भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे में अशोक कुमार (20) पुत्र मांगीलाल और जालम (25) पुत्र शंकर मीणा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विनोद (20) पुत्र लक्ष्मण मीणा और राजू (22) पुत्र लालू मीणा घायल हो गए। दोनों घायलों को गंभीर हालत में उदयपुर के एमबी अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए।



### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई नवलचंद ने हादसे की रिपोर्ट दी है। नवलचंद ने बोलेरो गाड़ी के टक्कर मारने की बात कही है। उसने गाड़ी के नंबर भी रिपोर्ट में बताए हैं। उसने बताया कि हादसे की सूचना पर घटनास्थल पहुंचे तो वहां लोगों ने उनको बोलेरो के नंबर बताए। वहीं पुलिस को घटनास्थल पर एक बाइक मिली है। हाईवे पर अंधेरा होने के कारण टक्कर मारने वाली गाड़ी के बारे में जानकारी नहीं मिली है। पुलिस घटनास्थल के आसपास जहां भी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, वहां के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि चारों एक बाइक पर सवार थे या नहीं, यह जांच का विषय है।

### सीकर में तालाब में डूबने से 2 दोस्तों की मौत

**सीकर।** सीकर के जीणमाता थाना इलाके में दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। तीसरा दोस्त किनारे पर बैठा था। फिलहाल पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों के शव को बाहर निकाल लिया है। उन्हें पलसाना सीएचसी की मोर्चरी में ले जाया गया, जहां दोनों के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार दोपहर 1 से 2 बजे के बीच की है। शिश्यूं निवासी राकेश, मुवालों की ढाणी निवासी छोटूराम और बनवारीलाल तीनों जीणमाता से कोछोर की तरफ जाने वाले तालाब की तरफ बाइक लेकर आए थे। यहां राकेश और छोटूराम तो तालाब में नहाने के लिए उतर गए, लेकिन बनवारी को तैरना नहीं आता। इसलिए वह तालाब के किनारे ही बैठकर अपने हाथ-पैर धो रहा था। राकेश और छोटूराम पानी में तैरते-तैरते आगे की तरफ चले गए। ऐसे में माना जा रहा है कि पैर फिसलने से दोनों की डूबने से मौत हुई है। जीणमाता थानाधिकारी मनोज कुमार यादव के अनुसार घटना में राकेश (30) पुत्र कालूराम गुर्जर निवासी शिश्यूं और छोटूराम(40) पुत्र हरदेवाराम निवासी मुवालों की ढाणी की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दोनों मृतक और बाहर बैठा बनवारीलाल आपस में दोस्त हैं। जानकारी के अनुसार राकेश गुर्जर की शादी को 6 साल हो चुके हैं। इसके दो लड़की है। इनमें एक लड़की की उम्र 4 साल तो दूसरी लड़की की उम्र 5 साल है। वहीं छोटूराम के 20 साल की लड़की है। दोनों मृतक मजदूरी का काम करते थे।

### ट्रैक्टर के कुचलने से पिता की मौत, पुत्री घायल

उदयपुर। जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र में शनिवार को ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा उसकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि गोगुंदा तहसील के पडावली कलां निवासी देवीलाल गमेती अपनी पुत्री इमी कुमारी मोटरसाइकिल से उदयपुर जा रहे था कि लालीमाता के समीप सामने से आये ट्रैक्टर ने बाइक को कुचल दिया। हादसे में देवीलाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को उदयपुर के एम बी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

## शिक्षा मंत्री दिलावर होंगे मुख्य अतिथि, विधायक गोपाल शर्मा होंगे मुख्य वक्ता

# उदयपुरवाटी में बालासाहब देवरस समरसता सम्मान समारोह आज

**बेधड़क** | जयपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान के वरिष्ठ प्रचारक रहे लक्ष्मण सिंह शेखावत की स्मृति में उनके जन्मोत्सव पर 28 जुलाई को उदयपुरवाटी में शाकंभरी रोड स्थित आनंद श्री चेतना केंद्र परिसर में बालासाहब देवरस समरसता सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

रविवार सुबह 11 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर होंगे। नारायण ग्राम सेवा प्रन्यास, टांई के अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल की अध्यक्षता में होने वाले इस समारोह के मुख्य वक्ता जयपुर के सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा होंगे। अति विशिष्ट अतिथि सागर विश्व विद्यालय के कुलाधिपति कन्हैया लाल बेरवाल होंगे। प्रन्यास सचिव एवं पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश शेखावत ने बताया कि समारोह में लक्ष्मण सिंह शेखावत की स्मृति में बाबा निरंजन नाथ महाराज को बालासाहब देवरस समरसता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान के तहत 21 हजार रुपए, श्रीफल, शाल, अभिनंदन पत्र दिया जाएगा। आदर्श शिक्षक नारायण सिंह शेखावत की स्मृति में आदर्श शिक्षक सम्मान पूर्व कुलपति व कृषि वैज्ञानिक प्रोफेसर बी.आर. छीपा को एवं श्रीमती आभा कंवर की स्मृति में सशक्त नारी सम्मान से साध्वी डॉ. योगश्री नाथ को 21 - 21 हजार रुपए, श्रीफल, शाल एवं अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया जाएगा। समारोह से पूर्व सुबह आठ बजे से चेतना केंद्र पर सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर संघ की पर्यावरण गतिविधि के तहत सनातन संस्कृति के रक्षक पौधरोपण भी अतिथियों के हाथों करवाया जाएगा।

## देवी राम मुल्लाका मर्डर केस में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की कार्रवाई

# 25 हजार का फरार इनामी को गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने डीग जिले में 3 साल पहले बहुचर्चित रहे देवी राम मुल्लाका हत्याकांड के एक और आरोपी को पकड़ लिया है। इस पर एसपी डीग द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। दिल्ली एवं हरियाणा में मजदूरी कर फरारी काट रहा आरोपी शिव हरि गुर्जर करीब 15 दिन पहले ही नादौती आया था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि शनिवार को एएसआई शैलेंद्र कुमार शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा को सूचना मिली कि हत्याकांड में शामिल 25 हजार का इनामी आरोपी शिवहरी गुर्जर पुत्र रामजीत निवासी मुल्लाका थाना कामां अपने जानकार से मिलने गंगापुर सिटी में थाना नादौती इलाके की होडाहेली गांव में आया हुआ है। सूचना पर थाना पुलिस की मदद से एजीटीएफ ने जाल बिछाकर आरोपी को सरकारी स्कूल के पास से दबोच लिया। एमएन ने बताया कि 11 जून 2021 की सुबह खरीदारी करने बाइक लेकर कामां के लिए निकले देवी राम गुर्जर निवासी मुल्लाका पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रामावतार पुत्र रामप्रसाद पक्ष के 20-22 व्यक्तियों ने लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया और मरा समझकर हवाई फायर करते हुए गांव आए। गांव में भी फायरिंग की, जिसमे तीन बच्चे व चार अन्य घायल हो गए। गंभीर घायल देवीलाल ने जयपुर लाते समय महुआ से पहले दम तोड़ दिया था। इस मामले में थाना पुलिस द्वारा घटना के बाद आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया था, 13 आरोपी फरार हो गए, जिन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।



### विवाहिता की संदिग्ध मौत

**चाकसू।** कोटखावदा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की 5 दिन पहले संदिग्धावस्था में हुई मौत के मामले में शनिवार को पीहर पक्ष ने ससुराल वालों के खिलाफ उनकी पुत्री की हत्या का मामला दर्ज करवाया है। इसमें विवाहिता के देवर, सास-ससुर के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दी है। थाना प्रभारी अब्दुल वहीद ने बताया कि पीहर पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दी रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पुत्री के पति की मृत्यु के बाद से देवर के साथ नाता प्रथा कर पत्नी के रूप में रह रही थी।

## बम निरोधक दस्ता बुलाया गया

# बॉर्डर के पास एंटी पर्सनल लैंडमाइन मिलने से हड़कंप

**जैसलमेर।** राजस्थान से लगती पाकिस्तान की सीमा से सटे सरहदी जैसलमेर जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में एक जिंदा एंटी पर्सनल लैंड माइन मिलने से सनसनी फैल गई।



जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के म्याजलार गांव से करीब 4 किलोमीटर दूर एक चरवाहे को यह एंटी पर्सनल लैंड माइन नजर आई। इसके बाद चरवाहे ने ग्रामीणों को इसकी जानकारी देकर मौके पर बुलाया, वहीं ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने के बाद झिनझिनयाली पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने बीएसएफ के अधिकारियों को भी इसकी सूचना देकर मौके पर बुलाया और जांच शुरू की। झिनझिनयाली पुलिस थानाधिकारी सुरजाराम ने बताया कि शनिवार सुबह एक भेड़ चराने वाले को अंतरराष्ट्रीय सीमा के 20 किलोमीटर अंदर एक सुनसान इलाके में जमीन में दबी यह माइन दिखी थी। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा प्रशासन के माध्यम से एंटी पर्सनल लैंड माइन मिलने की सूचना भारतीय सेना के कंट्रोल रूम में भी दे दी है। उन्होंने बताया कि एंटी पर्सनल लैंड माइन को सुरक्षित रख दिया गया है।

## धारीवाल पर भाजपा नेताओं ने साधा निशाना

# जिसके जैसे संस्कार वह वैसी बात करेगा: भागीरथ

**बेधड़क** | अजमेर

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी व अजमेर दक्षिण की विधायक अनीता भदेल ने विधानसभा में पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के अपशब्द बोलने पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसके जैसे संस्कार वह वैसी बात करेगा। भदेल ने कहा कि कांग्रेस की यह संस्कृति ही है। कांग्रेस में अपराध और अपराधी को यह कहा जाता है कि वह अच्छा नेता है यह उनके सिद्धांत है। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए बजट को लेकर शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और विधायक अनीता भदेल सहित शहर भाजपा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री का आभार जताया गया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 सालों में ऐसे काम किया जो कि कांग्रेस ने 55-60 साल तक नहीं कर पाई। कांग्रेस सिर्फ मगरमच्छ के आंसू बहा रही है। कांग्रेस ने गरीबों का नारा दिया, लेकिन गरीबी हटाई नहीं। कांग्रेस ने किसी की सुध नहीं ली थी। यह सिर्फ यही चाहते हैं कि गरीब,गरीब रहे अनपढ़ अनपढ़ रहे और उनके चंगुल में फंसे रहे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि गरीब, किसान और मिडिल क्लास का भला हो और सभी का भला हो।




### भाषा में कभी नहीं आनी चाहिए गिरावट

विधानसभा में शांति धारीवाल के अपशब्द बोलने पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने कहा कि जिसके जैसे संस्कार वह वैसी बात करेगा। चाहे सार्वजनिक या राजनीतिक जीवन में हो या साधारण जीवन हो, लेकिन भाषा में कभी गिरावट नहीं आनी चाहिए। भाषा में संयम रखनी चाहिए। विधायक अनीता भदेल ने विधानसभा में शांति धारीवाल के द्वारा अपशब्द भाषा का उपयोग करने पर कहा कि कांग्रेस की यह संस्कृति है। कांग्रेस में अपराध और अपराधी को यह कहा जाता है कि वह अच्छा नेता है। यह उनके सिद्धांत है। ऐसी स्थिति में वरिष्ठ नेता शांति धारीवाल के द्वारा 3 बार सदन में गालियां देना यह कतई मंजूर नहीं है। उन्होंने जो अपशब्द कहे वह ठीक नहीं है। भदेल ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने अजमेर में ब्लैकमेल कांड किया। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। दिल्ली का तंदूर कांड कांग्रेस से जुड़े हुए लोगों के द्वारा किया गया। पिछले दिनों का कन्हैया लाल की हुई हत्या वह कांग्रेस के कार्यकाल में हुई थी। उन्होंने कहा कि शांति धारीवाल ने यह भी कहा था कि राजस्थान में बलात्कार की घटना इसलिए बढ़ रही क्योंकि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है, तो यह एक तरीके से महिलाओं का अपमान है।

## अस्पताल में शव छोड़ फरार हुए आरोपी

# प्रेम प्रसंग में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**बालोतरा।** जिले में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शव को अस्पताल लेकर पहुंचे और फिर अस्पताल परिसर में बॉडी को छोड़कर वहां से फरार हो गए। ये पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस की ओर से बताया गया कि प्रेम प्रसंग के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया है। आरोप है कि युवक एक युवती से मिलने के लिए गया था और शुक्रवार रात को आरोपियों ने उसे पकड़ लिया। उसके बाद आरोपियों ने युवक की बेरहमी से पिटाई की, जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। यह वाकया जिले के सिणधरी थाना क्षेत्र का है। शुक्रवार रात को क्षेत्र में एक युवक की प्रेम प्रसंग के चलते हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार बाटाडू निवासी मगाराम (25) जो कि शनिवार रात को युवती के गांव गया था, जहां कुछ लोगों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इसमें वो गंभीर रूप से जख्मी हो गया और फिर उसकी मौत हो गई। वहीं, आरोपी पिकअप में डालकर बॉडी को सिणधरी अस्पताल लेकर आए और परिसर में शव को छोड़कर वहां से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

मनदीप-विवेक-हरमनप्रीत ने दागे गोल

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया

**बेधड़क** | फ्रांस (पेरिस)

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में शानदार जीत के साथ शुरुआत की है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली सितारों से सजी भारतीय टीम ने यहां शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए ग्रुप बी के मैच में 3-2 से धमाकेदार जीत दर्ज की। भारत की ओर से मनदीप सिंह (23वें मिनट) और विवेक सागर प्रसाद (34वें मिनट) ने गोल किए. वहीं, न्यूजीलैंड की ओर से लेन सैम (8वें मिनट) और साइमन चाइल्ड (53वें मिनट) ने गोल दागे।



भारत को 58वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल पोस्ट में डालकर पेरिस ओलंपिक 2024 के पहले मुकाबले में भारत की जीत सुनिश्चित की. बता दें कि, चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच एक कड़ा मुकाबला देखने को मिला। न्यूजीलैंड के साइमन चाइल्ड ने 53वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर शॉट के रिबाउंड पर शानदार गोल कर मुकाबला 2-2 से बराबर कर भारतीय फैंस को बेचैन कर दिया था। मैच का पहला क्वार्टर न्यूजीलैंड के नाम रहा, जिन्होंने मैच की शुरुआत आक्रमण अंदाज में की. कीवी खिलाड़ियों ने पहले हाफ की शुरुआती मिनटों में कई बार भारतीय डिफेंडरों को छकाया। खेल के 8वें मिनट में न्यूजीलैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे लेन सैम ने गोल पोस्ट में डालकर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

### तीसरे क्वार्टर में भारत ने बनाई 2-1 की बढ़त

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड के ऊपर 1 गोल की बढ़त बनाई। भारत के विवेक सागर प्रसाद ने 34वें मिनट में शानदार फील्ड गोल किया और भारत को 2-1 से आगे कर दिया। क्वार्टर में न्यूजीलैंड को आगे 2 पैनल्टी कॉर्नर मिले, जिनका भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार तरीके से बचाव किया। फिर 44वें मिनट में न्यूजीलैंड ने शॉर्ट कॉर्नर पर बेहतरीन शॉट लगाया, जिसे श्रीजेश ने बचा लिया।

कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर जताई नाराजगी

# ओलंपिक में भारतीय कॉस्ट्यूम पर छाया विवाद

**बेधड़क** | पेरिस

पेरिस में खेले जा रहे ओलंपिक 2024 की ओपनिंग सेरेमनी खास रही। वहीं ओपनिंग सेरेमनी में 78 भारतीय एथलीट्स ने शिरकत की थी। इस बीच भारतीय एथलीट्स के कॉस्ट्यूम पर विवाद छाया है। सेरेमनी में भारतीय पुरुष एथलीट्स कुर्ते में, तो वहीं महिलाएं पारंपरिक साड़ी में नजर आईं थीं। भारतीय एथलीट्स के कॉस्ट्यूम को भारत के मशहूर फैशन डिजाइनर तरुण तहिलियानी ने डिजाइन किया था। इन कपड़ों को यूजर्स सस्ता और घटिया बताकर अपनी अलग-अलग प्रकार की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक एक्स यूजर डॉ. नंदिता अय्यर ने लिखा, "हैलो तरुण तहिलियानी! मैंने मुंबई की सड़कों पर 200 रुपये में बिकने वाली इन सेरेमनी ड्रेस से बेहतर साड़ियाँ देखी हैं।" उन्होंने इसे डिजिटल प्रिंट, सस्ते पॉलिएस्टर कपड़े और बिना किसी कल्पना के तिरंगे का मिश्रण बताया। अन्य लोगों ने भी ऐसी ही भावनाएं साझा कीं। कुछ लोगों ने कपड़ा और हैंडलूम में भारत की समृद्ध विरासत को याद किया। इस बात पर हैरानी जताई कि टीम को इतने अहम वैश्विक मंच पर इतने "घटिया" तरीके से क्यों पेश किया गया। अभिनेत्री तारा देशपांडे ने लिखा कि "वे बिल्कुल भयानक दिखते हैं। हमारे पास भारत में सबसे बड़ी पारंपरिक कपड़ा टेक्सटाइल है। इस डिज़ाइन को किसने पास किया? इसके लिए किसने बजट बनाया?"




### तहिलियानी की आलोचना

ओपनिंग सेरेमनी में भारतीय पुरुष एथलीट्स ने सफेद रंग का कुर्ता पायजामा और उसके ऊपर तिरंगे के केसरिया व हरे रंग की जैकेट को पहना था। वहीं महिला खिलाड़ियों ने पारंपरिक साड़ी पहनी थी। इस ड्रेस को लेकर तरुण तहिलियानी को लोगों की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा रहा है। एक्स यूजर अजय कामथ ने कहा "यह तरुण तहिलियानी द्वारा बनाया गया सबसे बढ़िया डिज़ाइन है? हम अपने एथलीटों को आम तौर पर स्मार्ट दिखने के आदी हो चुके हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने डिज़ाइन को फ़ोन करके बनाया है।

## हरमीत देसाई की धमाकेदार शुरुआत, जॉर्डन के अबू यमन जैद को 4-0 से हराया

**पेरिस।** ओलंपिक 2024 के पदार्पण मैच में हरमीत देसाई का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। ओलंपिक में अपने पदार्पण मैच में भारतीय पैडलर हरमीत देसाई ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक 2024 की टेबल टेनिस एकल प्रतियोगिता में पहली जीत हासिल की। उन्होंने प्रारंभिक मैच में जॉर्डन के अबो यमन जैद पर



4-0 से आसान जीत हासिल की। हरमीत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में केवल 30 मिनट का समय लिया। हरमीत ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और खेल को अपने हाथों से फिसलने नहीं दिया, क्योंकि उन्होंने प्रारंभिक मैच में जॉर्डन के अबू यमन जैद पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। हरमीत ने 11-7 11-9 11-5 11-5 से जीत हासिल कर अपने अभियान को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया और अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में उन्हें ठीक 30 मिनट लगे।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने फ्रांस को सीधे सेटों में हराया

**एजेंसी** | पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने आसान जीत के साथ पेरिस ओलंपिक की शुरुआत की है। इस भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल टूर्नामेंट के ग्रुप मैच में फ्रांस के लुकास कोर्वी और रोनन लाबर को सीधे सेटों में 21-17, 21-14 से मात दी। 46 मिनट तक चले इस मुकाबले में भारत को फ्रांस से कड़ी टक्कर मिली। लेकिन, मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक-चिराग ने मेजबानों को निराश करते हुए अपने ओलंपिक अभियान की शुरुआत शानदार जीत के साथ की।



### पहले सेट से दिखाया तेज खेल

कोर्वी और लाबर को घरेलू दर्शकों का समर्थन किया। लेकिन उन्हें तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों के चैंपियन ने मैच की शुरुआत से ही तेजी दिखाई और कई जबरदस्त स्मैश के साथ प्वाइंट्स हासिल किए। भारत के लिए ओलंपिक पदक की प्रबल दावेदार इस जोड़ी ने पहला सेट 21-17 से जीतकर गेम में में 1-0 की बढ़त बना ली।

### दूसरा सेट हुआ एकतरफा

फ्रांसीसी खिलाड़ियों ने दूसरे सेट की शुरुआत में भारतीय शटलरों को थोड़ा परेशान किया। लेकिन सात्विक-चिराग की तेजी के आगे वह टिक नहीं पाए। भारतीय जोड़ी ने दूसरा सेट 21-14 से जीता।

राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में हुआ दीक्षांत समारोह

# संस्कृत में निवास करती है भारत की आत्मा

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय प्राचीन और नवीन ज्ञान का समन्वय करते हुए संस्कृत और संस्कृति के प्रसार के लिए कार्य करें। संस्कृत के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है, जिसके लिए सबको मिलकर कार्य करने के जरूरत है।

वे शनिवार को जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्कृत में योग, विज्ञान, शास्त्र, भारतीय संस्कृति, संस्कार से जुड़ी शिक्षा दी जाती है। व्यक्तित्व निर्माण के लिए इसी शिक्षा की सबसे अधिक आवश्यकता है। यह शिक्षा जिस व्यक्ति के पास है उसे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें कौशल विकास के साथ भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जुड़े ज्ञान के आधुनिकीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया है। समारोह में चित्रकूट के स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि हमारी सर्वोत्कृष्ट देवी भारत माता है। उन्होंने भगवान श्रीराम की महिमा का सुंदर और रोचक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और ज्ञान के स्रोत नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय थे, जिन्हें बख्तियार खिलजी ने इसलिए जला दिया कि भारत की ज्ञान संस्कृति मिट जाए पर भारत अविचल अपनी अस्मिता बनाए हुए है।




### 39 को दी गई उपाधि

कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने बताया कि संस्कृत विश्वविद्यालय में शास्त्रों के अध्ययन के अलावा आधुनिक विषयों पर भी ध्यान केंद्रित करते हुए संस्कृत को जन-जन तक लोकप्रिय किए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इससे पहले राज्यपाल ने संविधान उद्यान का लोकार्पण किया और वयम् व प्रवृत्ति पुस्तकों का लोकार्पण किया। समारोह में नई दिल्ली स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी और स्वामी रामभद्राचार्य को डीलिट की मानद उपाधि दी गई। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र छात्राओं को 12 स्वर्ण पदक और 27 पीएचडी उपाधियां प्रदान कीं। संचालन शास्त्री कोसलेंद्रदास और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रियव्रत सिंह चारण ने किया।

आरयू में एथलेटिक्स ऑफिशिएटिंग कार्यशाला

# जुनून और मेहनत बनाता है आपको चैंपियन: झाझड़िया

**बेधड़क** | जयपुर

पेरिस ओलंपिक 2024 के अवसर पर खेल बोर्ड राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित एथलेटिक्स ऑफिशिएटिंग पर कार्यशाला समापन हुआ।

इस अवसर पर डॉ. प्रीति शर्मा संयोजक एवं सचिव, खेल बोर्ड ने बताया कि एक्सपर्ट डॉ. राजन भाटिया व डॉ. दलबीर सिंह कौतेंया द्वारा सभी खिलाडियों एवं प्रतिभागियों को एथलेटिक्स ट्रेक एंड फील्ड पर प्रोद्योगिकी प्रशिक्षण दिया गया और फील्ड पर होने वाले इवेंट जैसे थ्रोइंग (ज्वेलियन,शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, हेम्रर थ्रो) एवं जम्पिंग इवेंट (लम्बी कूद, ट्रिप्पल कूद, ऊंची कूद एवं बांस कूद) की ऑफिशियेटिंग के बारे में बताया और ट्रेक पर होने वाले मध्यम एवं लम्बी दूरी की होने वाली रनिंग इवेंट पर होने वाली ऑफिशिएटिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया। देवेन्द्र झाझड़िया अध्यक्ष भारतीय पैरालम्पिक समिति पद्म भूषण एवं पद्मश्री अवार्डी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। जुनून और मेहनत खिलाड़ी को चैंपियन बनाता है। किसी भी उम्र में मेडल जीत सकते है। पूरे फोकस के साथ प्रैक्टिस करनी चाहिए। कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन सचिव सुरेन्द्र मीणा, सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं सह-आयोजन सचिव डॉ. शैलेष मौर्य सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा व एक्सपर्टस ने समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदत्त किये गए।



डिस्कशन | निर्वाण विश्वविद्यालय में पैनल चर्चा का आयोजन

# भारत और अमेरिका के बीच न्यूक्लियर सुरक्षा की समझ बढ़ाएं

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय में "भारत और अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण" पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा के पैनल में नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल के नेशनल सिक्यूरिटी अफेयर्स विभाग के प्रोफेसर डॉ.एस.पॉल कपूर और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हवर इंस्टीट्यूशन के विजिटिंग फेलो डॉ. एस पॉल कपूर में शामिल हुए।




कपूर अपनी प्रमुख पुस्तकें "जिहाद एज ग्रैंड स्ट्रैटेजी" और "डेंजरस डि टरेंट" के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं। नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में रिसर्च फैकल्टी के रूप में कार्यरत मिस डायना व्यागर के अलावा अनिल कुमार (आईपीएस) जो कि न्यूक्लियर सुरक्षा विशेषज्ञ और पूर्व इंस्पेक्टर जनरल (सिक्योरिटी), परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार में कार्यरत और निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के चेयरमेन डॉ.एस.एल. सिहाग और निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के वाइस चेयरमेन एंड सीईओ डॉ. आर.के. अरोड़ा, विशेषज्ञ के रूप में मौजूद रहे। चर्चा के दौरान अपने भाषण में डॉ.पाल ने कहा कि " भारत और अमेरिका के बीच न्यूक्लियर पॉवर सुरक्षा जैसे मुद्दो पर विचारों का आदान प्रदान और चर्चा बहुत ही जरूरी हैं, आज की यह चर्चा दोनों देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करने का सुनहरा मौका हैं। अपने भाषण में आगे डॉ. कपूर ने बताया कि आखिर क्यों न्यूक्लियर सुरक्षा की चुनौतियां विश्व स्थिरता के लिए एक गंभीर मुद्दा हैं और ऐसी चर्चाएं लगातार होनी चाहिए, जो न्यूक्लियर सुरक्षा की जागरूकता बढाने में एक ठोस कदम के रूप में कार्य करती हैं"। पैनल में मौजूद नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में रिसर्च फैकल्टी के रूप में कार्यरत मिस डायना व्यागर ने अपने भाषण में न्यूक्लियर सुरक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि "भारत और अमेरिका के बीच न्यूक्लियर सुरक्षा की समझ को बढ़ाना बहुत ही जरूरी हैं, आज इस पैनल चर्चा के माध्यम से दोनो देशों के बीच विचारों का आदान प्रदान होगा, जो कि आगे चलकर दोनो देशों के नीति निर्धारकों के लिए अत्यंत मूल्यवान साबित होंगे"। बता दें कि मिस डायना व्यागर ने " द चैलेंजेज ऑफ न्यूक्लियर सिक्यूरिटीः यूएस और इंडियन पर्सपेक्टिव" बुक का संपादन भी किया हैं।

### सभी रेडिएशन बुरे नहीं होते

पैनल में मौजद अन्य विशेषज्ञ अनिल कुमार (IPS) ने बच्चों के साथ अपना अनुभव शेयर करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि " हर प्रकार की रेडिएशन इंसान के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव नहीं डालती हैं, कुछ रेडिएशन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होती हैं, इसके अलावा अनिल कुमार ने बताया कि किस तरह रेडिएशन हमारे भोजन के लिए भी आवश्यक हैं, आयनीकृत विकिरण का उपयोग करके किस तरह भोजन में मौजूद बैक्टीरियां से भोजन को सुरक्षित रखा जाता हैं, जिससे कोल्ड स्टोरेज की जरूरत नहीं होती हैं और भोजन में मौजूद पोषक तत्वों की ज्यादा हानि भी नहीं होती हैं।

### दोनों देशों की सुरक्षा में मिलेगा योगदान

निर्वाण विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमेन एंड सीईओ डॉ. आर.के. अरोड़ा ने बताया कि " दो देशों की बीच हो रही इस प्रकार की चर्चा हमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सोचने और इसके लिए किसी भी तरह से अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं, इतना ही नहीं ऐसी चर्चाएं न्यूक्लियर सुरक्षा पर भारत और अमेरिका के द्दष्टिकोण को समझने का अवसर प्रदान करती हैं, हम ऐसे द्दष्टिकोण की मदद से ना केवल देश की सुरक्षा मजबूत करने में अपना योगदान देंगें। बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे। पैनल चर्चा में महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता हैं, जो दोनों देशों की बीच सुरक्षा नीतियों को मजबूत करने में सहयोग करेगा।

### वैश्विक सुरक्षा की दिखाई जिम्मेदारी

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के चेयरमेन डॉ.एस.एल. सिहाग ने कहा कि " यह चर्चा दोनों देशों के बीच न्यूक्लियर सुरक्षा की समझ को मजबूत बनाने का शानदार अवसर हैं, इस प्रकार की चर्चाओं से वैश्विक सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी दिखती हैं, विद्धानों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर हमारा विश्वविद्यालय विश्व सुरक्षाओं में नए विचारों और संभावनाओं की खोज में महत्वपूर्ण रोल निभाता हैं। इस आयोजन के माध्यम से निर्वाण विश्वविद्यालय एक बार फिर अपने आप को विश्व मंच पर अपने आपको प्रमुख शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान के रूप में स्थापित किया हैं।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*मध्यप्रदेश की कुंभ नगरी उज्जैन में क्षिप्रा नदी के किनारे 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर का मंदिर है। यह ज्योतिर्लिंग बारह ज्योतिर्लिंगों में सबसे प्रमुख ज्योतिर्लिंग है। यहीं पर 2 शक्तिपीठ भी स्थित हैं। महान विक्रामादित्य की नगरी में स्थित इस शिवलिंग की प्राचीनता के बारे में कोई भी नहीं जानता है। यह भगवान कृष्ण से भी पूर्व का है। आशुतोष भगवान महाकालेश्वर अपने भक्तों एवं संतजनों के उद्धार के लिए उज्जयिनी में स्वयंभू शिवलिंग के रूप में विराजित हैं। शिवपुराण में वर्णित एक कथा के अनुसार उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर भगवान श्रीकृष्ण के पालक नंदबाबा की आठ पीढ़ी पूर्व का है। महाकालेश्वर को पृथ्वी का अधिपति भी माना जाता है।*

### उज्जैन में क्षिप्रा नदी के किनारे 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है महाकालेश्वर मंदिर

# मंदिर जो है पृथ्वी का नाभि स्थल जहां एकमात्र दक्षिणमुखी शिवलिंग

## भोलेनाथ की भस्म आरती महाकाल मंदिर का सबसे बड़ा आकर्षण

***आकाशे तारकं लगि पाताले हाटकेश्वरम्।***
***मृत्युलोके महाकालं लगित्रयं नमोस्तुऽते॥***

*अर्थात आकाश में तारक शिवलिंग, पाताल में हाटकेश्वर शिवलिंग तथा पृथ्वी पर महाकालेश्वर ही मान्य शिवलिंग है।*




### सिंधिया राज्य के दीवान बाबा रामचंद्र शैणवी ने करवाया था निर्माण

इस मंदिर का पुनर्निर्माण 11वीं शताब्दी में हुआ था, लेकिन इसके 140 वर्ष बाद मुस्लिम आक्रमणकारी इल्तुतमिश ने इसे क्षतिग्रस्त कर दिया। वर्तमान मंदिर मराठाकालीन है। इसका जीर्णोद्धार तत्कालीन सिंधिया राज्य के दीवान बाबा रामचंद्र शैणवी ने करवाया था। ऐसी मान्यता है कि उज्जयिनी के एक ही राजा हैं और वे हैं भूतभावन महाकालेश्वर। यही वजह है कि प्राचीन काल से ही कोई भी राजा उज्जैन में रात्रि विश्राम नहीं करता और ना ही राजा की तरह महाकालेश्वर के दर्शन करता है। महाकालेश्वर मंदिर एक विशाल परिसर में स्थित है, जहां कई देवी-देवताओं के छोटे-बड़े मंदिर हैं। गर्भगृह में भगवान महाकालेश्वर का विशाल और विश्व का एकमात्र दक्षिणमुखी शिवलिंग है और इसकी जलाधारी पूर्व की तरफ है, जबकि दूसरे शिवलिंगों की जलाधारी उत्तर की तरफ होती है। साथ ही महाकालेश्वर मंदिर के शिखर के ठीक ऊपर से कर्क रेखा भी गुजरती है, इसलिए इसे पृथ्वी का नाभिस्थल भी माना जाता है। ज्योतिष और तंत्र-मंत्र की दृष्टि से भी महाकाल का विशेष महत्व माना गया है। साथ ही गर्भगृह में माता पार्वती, भगवान गणेश व कार्तिकेय की मनमोहक प्रतिमाएं हैं। महाकाल मंदिर का सबसे बड़ा आकर्षण है भोलेनाथ की भस्म आरती, जो प्रात: 4 से 6 बजे तक होती है। गर्भगृह में नंदी दीप भी स्थापित है, जो सदैव प्रज्वलित रहता है। गर्भगृह के सामने विशाल कक्ष में नंदी की विशाल प्रतिमा स्थापित है। इस कक्ष में बैठकर हजारों श्रद्धालु शिव आराधना का पुण्यलाभ लेते हैं। मंदिर परिसर में ही एक विशाल कुंड है, जिसे कोटितीर्थ के नाम से जाना जाता है। महाकालेश्वर परिसर में कई दर्शनीय मंदिर हैं। इनमें नागचंद्रेश्वर मंदिर वर्ष में एक बार नागपंचमी के दिन ही श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जाता है।

### इसलिए महादेव कहलाए महाकाल

भोलेनाथ की नगरी उज्जैन हमेशा से ही काल-गणना के लिए बेहद उपयोगी एवं महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। देश के नक्शे में यह शहर 23.9 डिग्री उत्तर अक्षांश एवं 74.75 अंश पूर्व रेखांश पर स्थित है। इतना ही नहीं खुद ऋषि-मुनि भी यह मानते आए हैं कि उज्जैन शून्य रेखांश पर स्थित है। कर्क रेखा भी इस शहर के ऊपर से गुजरती है। इसके अलावा उज्जैन ही वह शहर है, जहां कर्क रेखा और भूमध्य रेखा एक-दूसरे को काटती है। इस प्राचीन नगरी की इन्हीं विशेषताओं को ध्यान में रख काल-गणना, पंचांग निर्माण और साधना के लिए उज्जैन को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। यही वजह है कि प्राचीन समय से ज्योतिषाचार्य यहीं से भारत की काल गणना करते आए हैं। काल की गणना की वजह से ही यहां के आराध्य भगवान शिव को महाकाल के नाम से जाना जाता है।



### महाकाल की सवारी

उज्जैन के राजा महाकाल बाबा श्रावण मास में प्रति सोमवार नगर भ्रमण करते हैं और अपनी प्रजा को देखते हैं। महाकाल की सवारी में किसी भी प्रकार का नशा करके शामिल नहीं होते हैं। महाशिवरात्रि के दिन समूचा शहर शिवमय हो जाता है। चारों ओर बस शिव जी का ही गुंजन सुनाई देता है। सारा शहर बाराती बन शिव विवाह में शामिल होता है।

---

**कॅरिअर परामर्श**

# आयुर्वेद में हैं करिअर की अपार संभावनाएं



अर्चना त्यागी



कोरोना काल में यदि कोई क्षेत्र ऐसा था, जिसने अपना महत्व खोने के बजाय पाया है तो वह है चिकित्सा क्षेत्र। इस क्षेत्र में भी आयुर्वेद। अब सभी की पहली पसंद बन गया है। आयुर्वेद प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति है। बरसों से हम इस चिकित्सा पद्धति को अपनाते आ रहे हैं। हिंदुस्तान के हर घर में दादी नानी के नुस्खे बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार रहे हैं। कोरोना काल में जब कोई दूसरी दवाई काम नहीं कर रही थी, तब भी आयुर्वेदिक नुस्खे काम कर रहे थे। अब तो भारत में ही नहीं, विदेशों में भी लोग आयुर्वेद को अपना रहे हैं। एलोपैथिक चिकित्सा तुरंत आराम देती है, लेकिन रोग की जड़ें नहीं कटती हैं। दवाइयों के उपयोग से होने वाले साइड इफेक्ट्स भी बहुत हैं। कई रोगों में एलोपैथी हाथ खड़े कर देती है, जबकि आयुर्वेदिक इलाज कारगर सिद्ध होता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति आयुर्वेदिक उपचार को अपनाने लगा है। आइए अब बात करते हैं-आयुर्वेद में कैरियर बनाने के लिए क्या है योग्यता? कहां तक शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। कितना वेतन मिलता है? विज्ञान विषय के साथ बारहवीं पास करके आयुर्वेद कॉलेज में दाखिला लेकर बीएएमएस किया जा सकता है। उसके बाद एमडी करने पर किसी भी आयुर्वेदिक अस्पताल में चिकित्सक बनकर समाज को रोगमुक्त रखने के लिए काम किया जा सकता है। यदि आयुर्वेदिक विद्यालय में शिक्षण करना है तो पीएचडी की डिग्री लेना फायदेमंद रहेगा। अच्छे वेतनमान के साथ एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर ले जाता है आयुर्वेद।

---


**पुस्तक समीक्षा**

# कथा-संग्रह: 'अधूरे'.... अधूरा मुस्लिम विमर्श



जाहिद खान
स्वतंत्र लेखक

'अधूरे' तेलुगु कहानी संग्रह है, जिसका हिंदी अनुवाद डॉ. एस.के. साबिरा ने किया है। संग्रह की सारी कहानियां मुस्लिम विमर्श पर केन्द्रित हैं। इन कहानियों को अगर देखें, तो यह दो तरह की हैं। पहले हिस्से में तेलुगु मुस्लिम समाज के अंदर की कहानियां हैं, जिसमें निम्न मध्यम वर्ग मुस्लिम परिवारों की गरीबी, बदहाली, बेरोजगारी, वंचना, अशिक्षा, धार्मिक रूढ़ियां, पर्दाप्रथा, जहालत को निशाने पर लिया गया है। खास तौर से मुस्लिम समाज में औरतों के जो हालात हैं, उन पर नजर है। 'छोटी बहन', 'मुहब्बत 1424 हिजरी', 'मजबूर', 'भड़कता चिराग', 'कबूतर', 'उर्स', 'किबला' और 'जीव' इसी क़िस्म की कहानियां हैं। किताब का दूसरा हिस्सा 'हिंदू-मुस्लिम' समुदायों के आपसी संबंधों, अलगाव, तनाव और अविश्वास की कहानियां हैं, जिसमें 'वेजिटेरियन्स ओनली', 'दस्तर', 'दावा' और 'वतन' को रखा जा सकता है। संग्रह की 'छोटी बहन', 'मुहब्बत 1424 हिजरी', 'मजबूर', 'कबूतर', 'उर्स' और 'किबला' आदि कहानियों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर दहेज समस्या ही केन्द्र में है। इसके साथ ही इन कहानियों में तेलुगु मुस्लिम समाज के रीति-रिवाज, शादी-ब्याह, तमाम धार्मिक परंपराओं की जानकारियां भी हिंदी पाठकों को मिलती हैं। किताब की भूमिका में भले ही यह दावा किया गया हो कि प्रस्तुत संग्रह में 'मुस्लिम विमर्श' की कहानियां हैं, लेकिन यह अधूरा विमर्श है। किताब की ज्यादातर कहानियां दहेज समस्या को ही रेखांकित करती है। कहानियों को पढ़कर, ऐसा लगता है कि मुस्लिम समाज में सबसे बड़ी समस्या लड़कियों की शादी है। बाकी समस्याएं कोई मायने नहीं रखतीं, जबकि मुस्लिम समाज रोज-ब-रोज अनेकानेक समस्याओं से जूझ रहा है।




*किताब समीक्षा : 'अधूरे' (तेलुगु कहानी संग्रह)*
***लेखक: स्कैबाबा***
***अनुवाद: एस.के. साबिरा***
***प्रकाशक: प्रलेक प्रकाशन, मुम्बई-401303 (महाराष्ट्र)***
***कुल पृष्ठ: 113***
***मूल्य: 220 रुपए***

---

**शब्दों की सीख**

# रियल और वर्चुअल रिश्ते

*किसी और की जिंदगी को देख चंद लम्हों की खुशियां तो मिल सकती हैं, लेकिन असल सुख दुख में साथ देने वाला तो पति ही होगा।*



डोली शाह
हैलाकंदी (असम)

कुछ मटमैला शरीर, समुद्र से भी गहरी आंखें, तन से बड़े कपड़े और सरलता तो नस- नस में थी। साधारण सा दिखने वाला यह शरीर हर वक्त कुछ नया करने की इच्छा रखता। अपनी कक्षा में वह सदा ही अव्वल रहती। कम उम्र में ही मां की अस्वस्थता उसके जीवन में ग्रहण साबित हुई। मात्र 12वीं कक्षा के बाद ही एक साधारण परिवार में उसका विवाह कर दिया गया। कुछ दिनों तक तो वह परिवार की चहेती बनी रही। दोनों के बीच प्रारंभ में तो सब कुछ सही चल रहा था, लेकिन वक्त के साथ दोनों के विचारों में दूरियां बढ़ती ही जा रही थीं। एक दिन शुरू प्रातः चाय के साथ अखबार ले जा ही रही थी कि उसकी नजर बड़े -बड़े अक्षरों पर पड़ी। 'सार्जेंट विनय कुमार परमवीर चक्र से सम्मानित'। ध्यान से देखा तो अपने पुराने मित्र का स्मरण हो आया। उसने फौरन फोन घुमा दिया। दोनों में घंटा भर इधर-उधर की बातें भी हुई। शुरू में जहां एक तरफ उसकी विनय की पारिवारिक स्थिति को खंगालना चाहा, वहीं विनय विचारों की लड़ियां लगाने लगा।

वक्त मिलते ही दोनों अब घंटों बातें करते। अब शुरू धीरे-धीरे अपने पति नरेश से दूर होती गई। भोजन पानी के बाद बचा सारा वक्त विनय के साथ सोशल मीडिया पर ही बिता देती। विनय भी अब अपनी पत्नी से ज्यादा शुरू की बातों का ख्याल रखने लगा। दोनों के बीच रिश्तो की डोर और मजबूत होती गई। अब शुरू हर वक्त अपनी अलग ही दुनिया में खोई रहती। विनय का समय भी शुरू की एहसास भरी कल्पनाओं में बीतने लगा। दोनों की सारी हिचकिचाहटें दूर हो गई। इससे हजारों किलोमीटर की दूरियां होते हुए भी ऐसा प्रतीत होता कि मानों दोनों साथ बैठे हों। यहां तक कि शारीरिक जरूरतों के पूरा होने में भी कोई कमी ना रही। इससे शुरू अपने पति से बहुत दूर होती गई। दोनों साथ रहते हुए भी सागर के दो किनारे समान थे। एक दिन हालात से परेशान हो शुरू ने अपने पिता को अपने रिश्ते की कड़वाहट को बताया।

पिता मौन हो कलेजे पर पत्थर रख सब कुछ सुनते रहे, फिर समझाते हुए कहा- बेटा मानता हूं तुम्हारी चाहतें पूरी नहीं हुई है, लेकिन तुम रियल और वर्चुअल में अंतर को समझो। दूसरों की जिंदगी को देख जीवन का अनुमान लगाना इतना आसान नहीं। मत भूलो अपनी कुटिया छोटी सी भी हो फिर भी वही सुकून मिलता है। किसी और की जिंदगी को देख चंद लम्हों की खुशियां तो मिल सकती हैं, लेकिन असल सुख दुख में साथ देने वाला तो तुम्हारा पति ही होगा। पति-पत्नी के बीच तो छोटे-मोटे झगड़े तो आम बात है। शुरू बोली- पापा आप तो अपनी बेटी को समझो! पापा ने कहा- बेटी तुम वास्तविकता को समझो, विनय किसी का पति है, उसकी अपनी दुनिया है। यह सब जब तक शरीर में रौनक रहती है तभी तक अच्छा लगता है। पापा आप भी... विनय मेरा बहुत पुराना दोस्त है वह बहुत ही अच्छा है। बेटा बस भी करो...' इतना कह वह वहां से चल दिए, लेकिन शुरू पर नाम मात्र का भी कोई फर्क ना पड़ा। दोनों के बीच के रिश्ते और भी गंभीर होते गए। इसी दौरान विनय का पाक सीमा पर तबादला हो गया। वहां उसको गोली लग गई। घटना की सूचना मिलते ही एक तरफ जहां विनय की पत्नी संबलपुर से पहुंची, वहीं शुरू भी खुद को रोक न पाई और कमरे में एक छोटा पर्चा रख वह वहां से रवाना हो गई।

अनजाना सफर, मंजिल का कुछ अता- पता नहीं! थी साथ तो चंद बचपन के कुछ यादें। अचानक शुरू को अस्पताल में देख विनय की खुशी का ठिकाना ना रहा। विनय ने शुरू का पत्नी नेहा से परिचय कराया। खून नहीं मिलने का पता चला तो शुरू रक्त देने के लिए खुद आगे आ गई। यह देख नेहा का दिल पसीज उठा। दोनों आपस में हर बात शेयर करने लगीं। शुरू ने अपनी पारिवारिक जीवन की परेशानियों के साथ ही यह भी बताया कि उसे अपने पैरों पर खड़े होना है, जिससे किसी के सामने उसे कभी हाथ ना फैलाना पड़े। यह सुनते ही नेहा फौरन बोली- इससे और अच्छा विचार क्या हो सकता है! नेहा ने अपने पिता से कह उसकी भर्ती वहीं के विद्यालय की फॉरगेट के रूप में करा दी। उसे विद्यालय की ओर से मुफ्त आवास की सुविधा भी मिल गई। शुरू इतने में न थमी और वहीं पड़ोस के कॉलेज में इंटीग्रेटेड कोर्स में दाखिला भी करा लिया।

अंतिम परिणाम मिलने के पहले ही उसे एक प्राइवेट कंपनी में आमंत्रण मिल गया। यह देख विनय और उसकी पत्नी भी बहुत खुश हुए। शुरू ने कहा कि नेहा सचमुच आज मैं बहुत खुश हूं, मगर इस खुशी की असली क्रेडिट मै विनय सर को देना चाहूंगी, सर आपके कारण ही इतना ... कहते हुए उसने विनय के चरण स्पर्श किया ही था कि विनय ने उसके हाथों को थामते हुए कहा- अरे ! नहीं तुम्हारी जगह मेरे पैरों में नहीं, मेरे दिल में है! विनय ने नेहा के सामने ही शुरू को जोर से गले लगा लिया। दोनों के दिलों में लगी आग को पहली बार ठंडक महसूस हुई। इतने में नेहा ने कहा- हां यह ऐसे ही हैं, आज तक इन्होंने मुझे कभी चरण स्पर्श करने नहीं दिया। शुरू ने झट से कहा- मेरे लिए तो यह साक्षात भगवान हैं। मैं इनकी जितनी पूजा करूं कम है। हर किसी को आप जैसी खुशकिस्मत होना चाहिए। अरे मैं भी बहुत लकी हूं, जो मुझ में आपका रक्त प्रवाह चल हो रहा है। विनय ने कहा तो शुरू ने मुस्कुरा कर बुदबुदाते हुए स्वर में कहा-मेरा प्यार बनकर। सचमुच तुम्हारे इतने दिनों से साथ रहते हुए भी आज तक कभी किसी शिकायत का मौका नहीं मिला। नेहा पुरानी स्मृतियों में खोई ही थी कि विनय बोले-क्या हुआ श्रीमती, क्या सोचने लगी! नहीं बस यूं ही.. अरे! है तो तुम्हारी बहन शुरू, अब तुम्हारे पास! शुरू विनय की तरफ मुस्कुरा कर आंखों में सागर लिए बोली- मैं हूं ना आपकी बहन! दोनों के चेहरे पर प्यार भरी एहसास लिए आंखों ही आंखों में धैर्य की लंबी कहानी देख विनय मन ही मन शाबाशी देते रहे।

समय यूं ही गुजर रहा था। लेकिन विधि को शायद कुछ और ही मंजूर था। सब कुछ ठीक चल रहा था, इसी बीच एक दिन अचानक नेहा की तबीयत कुछ अधिक बिगड़ गई। अस्पताल ले जाते ले जाते हृदय ने अपनी धड़कनें बंद कर दी। इससे परिवार में एक रिक्तता तो जरुर महसूस हुई, लेकिन शुरू ने सांत्वना देते हुए विनय से कहा- शायद किस्मत को यही मंजूर था। एक बात कहूं , इतना संयम और धर्म आपके पास आया कहां से? हम जब पहले बातें करते थे तब और आपके यहां आने पर इतना बदलाव, आखिर कैसे! सर आप भी तो..." शुरू ने कहा। हां, मैं तुम्हारी लगन, धैर्य और संयम को देख तुम्हें मंजिल से डगमगाना नहीं चाहता था। अपने दिल पर पत्थर रख अपने हाथों को पीछे कर लेता। हां! सर मैंने कभी महसूस किया भी तो सब कुछ वक्त पर छोड़ दिया। मैं समाज के बंदिशों को दाग नहीं बनाना चाहती थी। और आप मेरे सामने थे। मेरा सब कुछ तो था फिर भी....। सचमुच शुरू आई एम सो लकी। यू आर माय फ्रेंड। सर अब आज फ्रेंड मत बोलिए। आज आपकी पत्नी.... हम दोनों। बिनय विद शुरू। हां शुरू, लाख अंधेरों के बाद भी आज हमारा जीवन खुशियों की सागर में गोते लगा रहा है। दोनों एक दूसरे की बाहों में सारे जहां की खुशियां समेट कर उसी पल में खो गए।

■■■■

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक के बाद हो सकते हैं कई अहम फैसले

# यूपी समेत कई राज्यों में भाजपा में संगठनात्मक स्तर पर बदलाव के आसार

एजेंसी | नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में हाल ही हुए लोकसभा चुनावों में लगे झटके के बाद भाजपा भाजपा नेतृत्व कुछ राज्यों के संगठन में भी बदलाव कर सकती है। इनमें wउत्तर प्रदेश भी शामिल है। जहां लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद पार्टी के भीतर काफी बयानबाजी भी हो रही है। यहां पर लोकसभा के नतीजे के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी खुद ही नैतिक आधार पर इस्तीफे की पेशकश कर चुके हैं। इसके अलावा, राज्य के बड़े नेताओं के



बीच भी लगातार बयानबाजी हो रही है। भाजपा नेतृत्व ने गुरुवार रात बिहार और राजस्थान में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति का थी। इसके अलावा कई राज्यों के प्रभारी भी नियुक्त किए गए थे। ज्ञात रहे कि भाजपा नेतृत्व ने गुरुवार व शुक्रवार को राज्यों के संगठन मंत्रियों के साथ विचार विमर्श किया है। इसके बाद भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक भी शनिवार को हो गई। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ 31 जुलाई से तीन दिन तक केरल में होने वाली समन्वय बैठक के बाद पार्टी में राष्ट्रीय स्तर पर भी कुछ बदलाव होने की संभावना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के साथ होने वाली समन्वय बैठक इस दिशा में काफी अहम होगी।

### कुछ और राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्त संभव

सूत्रों के अनुसार, कुछ और राज्यों में भी नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकते हैं। खासकर उन राज्यों में जहां पार्टी को भविष्य में संगठन की दृष्टि से अपनी तैयारी बेहतर करनी है। हालांकि, इन नियुक्तियों से पार्टी के संगठन चुनाव पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। संगठन चुनाव में इन राज्यों में नए अध्यक्ष फिर से चुने जा सकते हैं। इनमें से कुछ राज्यों में जहां फिलहाल नया अध्यक्ष बनाया गया है। उनको ही बरकरार रखा जा सकता है।

### सदस्यता अभियान से शुरू होगी संगठनात्मक प्रक्रिया

भाजपा की संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया सदस्यता अभियान के साथ शुरू होने जा रही है, लेकिन महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं होगी। इन राज्यों में पार्टी का पूरा फोकस आगामी विधानसभा चुनाव पर रहेगा। बाकी राज्यों में पार्टी नए सदस्यता अभियान के साथ संगठन का पुनर्गठन करेगी। इसमें मंडल, जिला और प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव शामिल है। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी किया जाना है। हालांकि, इसके पहले ही पार्टी कई राज्यों के नेतृत्व में बदलाव कर सकती है। इनमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है।

### संघ के साथ समन्वय बैठक 31 जुलाई से

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ 31 जुलाई से तीन दिन तक केरल में होने वाली समन्वय बैठक होगी। समझा जा रहा है कि संघ के साथ समन्वय बैठक के बाद ही तय होगा कि पार्टी आगामी संगठनात्मक चुनाव पूरे होने तक किसी कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति करे या तब तक नड्डा के नेतृत्व में ही आगे बढ़े। फिलहाल, पार्टी के मौजूदा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के नेतृत्व में ही काम कर रही है।

नीति आयोग की बैठक: भीतर मुद्दों पर विचार... बाहर सियासी घमासान

# निवेश के अनुकूल बनाएं नीतियां... अवसरों का फायदा उठाएं: मोदी

**मोदी मंत्र** विकसित भारत बनाने के लिए स्किल, रिसर्च, इनोवेशन और नौकरी आधारित ज्ञान पर जोर देना जरूरी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत सही दिशा में चल रहा है और आज देश के लोगों में आत्मविश्वास झलक रहा है। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और इसके लिए राज्यों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह दशक बदलावों, तकनीकी व भू-राजनीतिक बदलावों और अवसरों का है। भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है।

पीएम मोदी ने नीति आयोग की संचालन परिषद की नौवीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की। पीएम ने हमने 100 साल में एक बार आने वाली महामारी को हराया है। उन्होंने कहा कि भारत एक युवा देश है। यह अपने कार्यबल के कारण पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा आकर्षण है। हमें अपने युवाओं को एक कुशल और रोजगार योग्य कार्यबल बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। विकसित भारत बनाने के लिए स्किल, रिसर्च, इनोवेशन और नौकरी आधारित ज्ञान पर जोर देना जरूरी है।



### विकसित भारत हर भारतीय की महत्वाकांक्षा

नीति आयोग ने बैठक में पीएम मोदी के संबोधन के कुछ अंश डिजिटल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए हैं। पोस्ट के अनुसार पीएम मोदी मोदी ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत का लक्ष्य हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि वे सीधे लोगों से जुड़े हुए हैं। केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद नीति आयोग की यह पूर्ण बैठक में विकास के विभिन्न मुद्दों और नीतिगत विषयों पर मामलों पर चर्चा के लिए आयोजित की गई। बैठक के एजेंडा में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य से जुड़े विषयों पर जोर दिया जा रहा है। बैठक का मुख्य विषय था -'विकसित भारत 2047।' नीति आयोग की संचालन परिषद में चर्चा का उद्देश्य विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए वृहद खाका तैयार करना और केंद्र तथा राज्यों के बीच 'टीम इंडिया' के रूप में टीम वर्क को बढ़ावा देना था। चर्चा के विषयों में वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और सहयोग को बढ़ावा जैसे मुद्दे भी रखे गए थे। बैठक के दौरान, साइबर सुरक्षा, आकांक्षी जिलों और ब्लॉक कार्यक्रम, राज्यों की भूमिका और शासन में एआई पर विचार-विमर्श करने के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए गए, जिन पर मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान भी चर्चा की गई थी। बैठक में पिछले साल दिसंबर में आयोजित मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी गौर किया गया।

### नीतीश बैठक से रहे दूर, दोनों डिप्टी CM पहुंचे

केंद्र की सत्ताधारी राजग सरकार के सहयोगी व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी बैठक में हिस्सा नहीं लिया। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में राज्य का प्रतिनिधित्व दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने किया। नीतीश के अनुपस्थित रहने का कारण अभी पता नहीं चल सका है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने से कहा, यह पहली बार नहीं है, जब मुख्यमंत्री नीतीश आयोग की बैठक में हिस्सा नहीं ले रहे। मुख्यमंत्री पहले भी बैठक में शामिल नहीं हुए थे और बिहार का प्रतिनिधित्व तत्कालीन उपमुख्यमंत्री ने किया था। इस बार भी दोनों उपमुख्यमंत्री बैठक में शामिल होने गए हैं।

### केसी त्यागी ने कांग्रेस और विपक्ष को घेरा

मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक का कांग्रेस और विपक्षी मुख्यमंत्रियों द्वारा बहिष्कार करने पर जेडीयू प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि यह वह संगठन है जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच धन आवंटन की समस्या को हल करता है। यह अधिकारों की रक्षा करता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया है जो उनके राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### इन राज्यों के CM नहीं हुए शामिल

नीति आयोग के सीईओ बी. वी. आर सुब्रह्मण्यम ने बताया कि इस बैठक में 10 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए थे, जबकि 26 राज्यों ने इसमें हिस्सा लिया था। जो राज्य नहीं शामिल हुए थे उनमें केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पुद्दुचेरी हैं। बंगाल की सीएम बैठक में शामिल हुईं।

बैठक के बीच में ही बाहर आ गई ममता बनर्जी, लगाया आरोप

## 5 मिनट में बंद कर दिया माइक्रोफोन अन्य CM को दिया ज्यादा समय

एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक से बाहर चली गईं और दावा किया कि विपक्ष की एकमात्र प्रतिनिधि होने के बावजूद उन्हें भाषण के बीच में गलत तरीके से रोका गया। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने उनके दावे को खारिज कर दिया और कहा कि उनके बोलने का समय समाप्त हो गया था। बनर्जी ने कहा कि उनका माइक्रोफोन पांच मिनट के बाद बंद कर दिया गया, जबकि अन्य मुख्यमंत्रियों को अधिक देर तक बोलने की अनुमति दी गई।

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि यह अपमानजनक है। मैं आगे किसी बैठक में शामिल नहीं होऊंगी। उन्होंने कहा कि मैं बैठक का बहिष्कार करते हुए बाहर आई हूं। चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट का समय दिया गया था। असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने 10-12 मिनट तक बात की। ममता ने संवाददाताओं से कहा कि मुझे सिर्फ पांच मिनट बाद बोलने से रोक दिया गया। यह अनुचित है। सहकारी संघवाद को मजबूत करने में अधिक रुचि के कारण मैंने इस बैठक में भाग लिया।



### ममता को पहले बुलाया गया था

सरकारी सूत्रों ने कहा कि यह कहना गलत है कि बनर्जी का माइक्रोफोन बंद था। उन्होंने कहा कि घड़ी से पता चल रहा था कि उनके बोलने का समय खत्म हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि वर्णानुक्रम के अनुसार, उनकी बारी दोपहर के भोजन के बाद आती, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार के आधिकारिक अनुरोध पर उन्हें सातवें वक्ता के रूप में शामिल किया गया क्योंकि उन्हें जल्दी कोलकाता लौटना था।

### नीति आयोग को वित्तीय शक्तियां दें या योजना आयोग वापस लाएं

बनर्जी ने कहा कि उन्होंने बैठक के दौरान उल्लेख किया कि सरकार ने राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण बजट पेश किया और पूछा कि केंद्र राज्यों के बीच भेदभाव क्यों कर रहा है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के पास कोई वित्तीय शक्तियां नहीं हैं। यह कैसे काम करेगा? इसे वित्तीय शक्तियां दें या योजना आयोग को वापस लाएं। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने बैठक में उल्लेख किया कि 2024-25 के केंद्रीय बजट में कुछ राज्यों की अनदेखी की गई है। बनर्जी ने कहा कि मैंने कहा कि आप राजनीतिक रूप से पक्षपाती हैं, आप विभिन्न राज्यों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां तक कि बजट भी एक राजनीतिक, पक्षपातपूर्ण बजट है। मैंने उनसे कहा कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। मैंने सभी राज्यों के लिए बात की। उन्होंने बैठक में यह भी बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्रीय धनराशि पश्चिम बंगाल को देय है।

### विपक्ष को खुश करने के लिये झूठ फैला रही हैं ममता: सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने माइक्रोफोन बंद किए जाने के दावे को 'मिथ्या प्रचार' बताया और कहा कि वह विपक्षी इंडिया गठबंधन को खुश करने के लिये ऐसा कर रही हैं। सीतारमण ने कहा कि ममताबनर्जी ने बैठक में अपने पूरे समय का उपयोग किया और अपनी बात रखी। उन्होंने इस विषय पर कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश के सोशल मीडिया पर जारी बयान के जवाब में कहा, लेकिन अब जब वह बाहर बेबुनियाद बातें कह रही हैं, तो मैं केवल यही निष्कर्ष निकाल सकती हूँ कि वह इंडिया गठबंधन को खुश रखने की कोशिश कर रही हैं। वित्त मंत्री ने कहा, जयराम आप तो वहां (बैठक में) थे भी नहीं। हम सभी ने मुख्यमंत्री को सुना। उन्होंने अपने पूरे निर्धारित समय तक बोला। कुछ दूसरे मुख्यमंत्रियों ने अपने निर्धारित समय से ज्यादा समय तक बात की। उनके अनुरोध पर, बिना किसी शोर-शराबे के उन्हें अतिरिक्त समय दिया गया। माइक बंद नहीं किए गए, किसी के लिए नहीं, खास तौर पर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के लिए नहीं। सीतारमण ने कहा,सीएम ममता बनर्जी ने ने मिथ्या बातें फैलाने का मन बना लिया है।

गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर शरद पवार का पलटवार... कहा-

## जिन्हें गुजरात से कर दिया था निर्वासित, वे आज देश के गृह मंत्री

एजेंसी | मुंबई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक बयान से भड़के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को उन पर पलटवार किया। पवार ने कहा है कि यह अजीब है कि जिस व्यक्ति को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात से बाहर किया था, वह गृह मंत्रालय का नेतृत्व कर रहा है। ज्ञात रहे कि अमित शाह को सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में 2010 में दो साल के लिए राज्य से बाहर किया गया था। बाद में उन्हें 2014 में इस मामले में बरी कर दिया गया था।

पवार ने कहा कि ऐसे गृहमंत्री के नेतृत्व में हम किस तरफ जा रहे हैं। जिन लोगों के हाथ में आज हमारे देश की कमान है, वह हमारे देश को गलत रास्ते पर ले जा रहे हैं। हम सभी देशवासियों को मिलकर इस बारे में सोचना होगा और अगर हमने इस बारे में कुछ नहीं किया तो यह तय है कि हमारा समाज हमारा देश बहुत बड़ी मुश्किल में पड़ जाएगा।





### यह कहा था शाह ने पुणे में

पुणे में आयोजित बीजेपी के एक दिवसीय सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शरद पवार को भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा सरगना करार दिया था। उन्होंने पवार पर भ्रष्टाचार की संस्थाएं खड़ी करने का आरोप लगाया।

## BRS के शासन में करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ: रेवंत रेड्डी

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत राष्ट्र समित (बीआरएस) शासन के दौरान भ्रष्टाचार होने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने शनिवार को दावा किया कि भेड़ वितरण योजना में 700 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है।

विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान रेड्डी ने कहा कि बीआरएस के नेता टी हरीश राव ने कर्ज का ब्योरा तो दिया, लेकिन जमीन की बिक्री का ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि लाखों करोड़ रुपए की लागत वाली आउटर रिंग रोड को केवल 7 हजार करोड़ रुपए में बेच दिया गया। इसके अलावा, बीआरएस के 10 साल के शासन के दौरान पलामुरु में



एक भी सिंचाई परियोजना पूरी नहीं हुई। रेवंत रेड्डी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के कार्यकाल में रंगा रेड्डी जिले में करोड़ों रुपएकी जमीनें बेची गईं। मुख्यमंत्री ने गुजरात के सूरत में वजन के हिसाब से खरीदी गई साड़ियों की खराब गुणवत्ता की भी आलोचना की, जिन्हें बाथुकम्मा साड़ी योजना के तहत राज्य में वितरित किया गया।

राज्यसभा के नए सदस्यों का प्रबोधन कार्यक्रम

# अशोभनीय व्यवहार लोकतंत्र की भावना पर आघात: सभापति धनखड़

एजेंसी | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक लाभ उठाने के लिए सदन की कार्यवाही के दौरान अशोभनीय व्यवहार लोकतंत्र की भावना को आघात पहुंचाता है। इस दौरान उन्होंने इस बात पर भी दुख जताया कि आजकल सदस्य दूसरों के विचारों को सुनने को बिल्कुल तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संसद की मूल भूमिका संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना है। संसद से अधिक गंभीर लोकतंत्र का संरक्षक कोई नहीं हो सकता।

धनखड़ ने शनिवार को राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए प्रबोधन (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मुद्दों और हितों को राजनीतिक विचारों से ऊपर रखा जाना चाहिए। उन्होंने सांसदों से कहा, यदि लोकतंत्र पर कोई संकट आता है, यदि लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला होता है, तो आपकी भूमिका निर्णायक होती है। उन्होंने कहा कि संसद की मूल मुख्य और निर्णायक भूमिका दो हैं । इनमें संविधान का सृजन और संरक्षण करना तथा प्रजातन्त्र की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के लिए कोई भी विषय वर्जित नहीं है, बशर्ते उचित प्रक्रिया का पालन किया जाए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सदन की प्रक्रिया के नियमों में निर्धारित उचित प्रक्रिया का पालन किए जाने पर किसी भी विषय, किसी भी व्यक्ति और अध्यक्ष के आचरण पर भी चर्चा की जा सकती है।



### 'हिट एंड रन' रणनीति पर चिंता व्यक्त

धनखड़ ने संसद में सदस्यों की " हिट एंड रन" रणनीति पर अत्यधिक चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि एक सदस्य संसद में बोलने से पहले मीडिया को बाइट देता है, संसद में केवल ध्यान और मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए बोलता है और फिर अन्य सदस्यों की बात सुने बिना सदन से बाहर निकल जाता है और फिर बाहर जाकर मीडिया को बाइट देता है। यह बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने कहा, इससे बड़ी विभाजनकारी गतिविधि कोई और नहीं हो सकती। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद संवैधानिक मूल्यों और स्वतंत्रता का गढ़ रही है। कई बार समस्याएं आई हैं, लेकिन सदन के नेताओं ने बुद्धिमता का प्रयोग करते हुए रास्ता दिखाया है।

### आपातकाल का जिक्र

आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का एक दर्दनाक, हृदय विदारक और सबसे काला अध्याय बताते हुए धनखड़ ने जोर दिया कि उस दौरान भारतीय संविधान केवल एक कागज़ तक सीमित रह गया था, जिसमें मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन किया गया था और नेताओं को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाला गया था।

### राजनीतिक हथियार के रूप में नहीं करें इस्तेमाल

उन्होंने सदस्यों से कहा, लेकिन अब स्थिति चिंताजनक है। अभद्र व्यवहार को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जो लोकतंत्र की भावना पर आघात है। इस दौरान उन्होंने अपने भाषण में आपातकाल के दौर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि केवल एक दर्दनाक, हृदय विदारक काला दौर रहा है, जब आपातकाल की घोषणा की गई थी। उस समय हमारा संविधान केवल कागज बनकर रह गया था। इसे फाड़ दिया गया था और नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने आगे कहा कि अगर उस दौर को नजरअंदाज करें तो संसद ने अच्छा काम किया।

### राजनीति करना स्वस्थ प्रजातंत्र के लिए जरूरी

राज्यसभा के सभापति ने कहा कि हम संसदीय प्रणाली को राजनीतिक दल की भूमिका से आकलन कर के नहीं देख सकते। राजनीति का स्थान है, राजनीति करनी होती है। राजनीति करना स्वस्थ प्रजातंत्र के लिए आवश्यक है। लेकिन राष्ट्र से जुड़े हुए मुद्दों को देखकर, राष्ट्रहित को देखकर, राष्ट्रवाद को समर्पित करते हुए।

## जरूरी खबर

### अग्निवीरों को असम और अरुणाचल भी देंगे आरक्षण

**गुवाहाटी।** असम और अरुणाचल प्रदेश में भी अब अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में आरक्षण देने का ऐलान किया है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने शनिवार को इसकी घोषणा की। इससे पूर्व प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, गुजरात, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सरकारों ने आरक्षण देने की घोषणा की थी। हरियाणा और उत्तराखंड अग्निवीरों को आरक्षण देने की पहले ही घोषणा कर चुके हैं। इसके अलावा BSF, CRPF और CISF जैसे केंद्रीय बलों में भी अग्निवीरों को 10% आरक्षण देने की घोषणा की जा चुकी है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने घोषणा में कहा है कि सरकार स्थानीय युवाओं को अग्निपथ योजना के तहत भर्ती के लिए प्रशिक्षण देगी। वहीं, सेवानिवृत्त अग्निवीरों को अरुणाचल प्रदेश पुलिस, आपातकालीन और अग्निशमन सेवाओं में भर्ती के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी।

### द. चीन सागर के लिए आचार संहिता जरूरी: जयशंकर



**नई दिल्ली।** दक्षिण चीन सागर से होकर जा रहीं संचार लाइनों की सुरक्षा हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक हैं। इस समय ये चिंताजनक स्थिति में हैं। इनकी सुरक्षा होनी चाहिए। पूर्वी एशिया के देशों के विदेश मंत्रियों के लाओस की राजधानी विएनतियान आयोजित सम्मेलन में जयशंकर ने कहा, दक्षिण चीन सागर से गुजर रहीं संचार लाइनों की सुरक्षा के लिए आचार संहिता बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये लाइनें हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, स्थिरता, प्रगति और विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये न केवल क्षेत्र के बंदरगाहों को आपस में जोड़े हुए हैं बल्कि नौसेनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

### जज से दुर्वव्यहार, अब देनी होगी मुफ्त कानूनी मदद

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने एक महिला जज से दुर्वव्यहार मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। कोर्ट ने कोट्टायम बार एसोसिएशन के 28 वकीलों को कोर्ट की अवमानना की कार्यवाही से राहत पाने के लिए गरीबों और जरूरतमंदों को छह महीने तक मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि केवल माफी मांगना पर्याप्त नहीं होगा। इन वकीलों ने कोट्टायम की अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के विरुद्ध अपमानजनक नारे लगाए थे। हाई कोर्ट ने कहा, अदालत का विचार है कि प्रतिवादी केवल माफी मांगकर इस घटना से बच नहीं सकते।

## हंसराज कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन




*नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के 77 वें स्थापना दिवस समारोह की दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की।*

### केरल: बच्चों को 4 दिन बैग से मुक्ति देने की तैयारी



**तिरुवनंतपुरम।** केरल की पिनाराई विजयन सरकार 'बैग फ्री डेज' पहल पर काम कर रही है। अगर सब कुछ सही रहा तो बच्चों को अब स्कूल में भारी बैग लेकर नहीं जाना पड़ेगा। योजना के मुताबिक बच्चों को महीने में चार दिन बैग ले जाने से मुक्ति मिलेगी। केरल के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने कहा है कि स्कूल बैग के वजन को लेकर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर राज्य सरकार बच्चों और अभिभावकों की चिंताओं को दूर करने के लिए कई उपायों पर विचार कर रही है। शिवनकुट्टी ने एक बयान में कहा कि सरकार राज्य में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के भारी स्कूल बैग के मुद्दे पर जल्द ही फैसला लेगी। अभिभावकों और सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली को पसंद करने वाले लोगों की ओर से कई शिकायतें और सुझाव आ रहे हैं।

## पीएम मोदी की मौजूदगी में भाजपा शासित राज्यों के सीएम की बैठक

# चुनाव नतीजों व सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत पर किया मंथन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पार्टी मुख्यालय में भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की बैठक लोकसभा चुनाव नतीजों समेत विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक शुरू होने से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। बैठक में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों के साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष सहित कुछ वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। केंद्र में लगातार तीसरी बार राजग की सरकार बनने के बाद यह पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों




के साथ बैठक कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दो दिवसीय बैठक में दो सत्र रखे गए हैं। बताया गया है कि बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों के पर मंथन हो रहा है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों की जन कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत के फीडबैक पर चर्चा हो रही है। राज्य सरकारों और बीजेपी के राज्य संगठनों के साथ केंद्र का समन्वय भी एजेंडे का हिस्सा हैं। दो दिवसीय बैठक में आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा भी हो रही है। सूत्रों के अनुसार इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी संगठन को भी मजबूत बनाने पर चर्चा होने के साथ ही सरकार और संगठन के बीच समन्वय और बेहतर तालमेल स्थापित करने पर भी विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### ये मौजूद थे बैठक में

बैठक के पहले दिन उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गोवा के सीएम प्रमोद सांवत, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी, उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित भाजपा शासित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बैठक में मौजूद थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सबसे पहले प्रधानमंत्री का तीसरी बार लगातार विजय के लिए अभिनंदन किया गया।

### आज राज्यों के कामकाज पर देंगे प्रस्तुति

इस तरह की बैठक कर एक दूसरे की अच्छी योजनाओं का अनुसरण करने को कहा जाता है। ऐसी ही एक बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण योजना के लिए पूरा ड्राफ्ट तैयार करने का निर्देश दिया था, जिसे अब केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों में क्रियान्वित किया गया है। बैठक में अपने नवाचार साझा करने का क्रम शनिवार को शुरू हो गया और रविवार को भी मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री अपने राज्यों के कार्यकलापों का प्रस्तुतीकरण करेंगे।


## शांति की उम्मीदों को मिल सकता है बल

# अगले माह यूक्रेन की यात्रा पर जाएंगे मोदी!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल की अपनी रूस की यात्रा के बाद अगस्त में यूक्रेन की यात्रा पर जा सकते हैं। उनके 23 अगस्त को यूक्रेन जाने की संभावना है।

रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी, 2022 से युद्ध चल रहा है और अब भी दोनों देशों के बीच शांति स्थापित होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। ऐसे में पीएम मोदी की संभावित यूक्रेन यात्रा को कूटनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। अगर योजना के मुताबिक उनकी यूक्रेन यात्रा होती है तो वह हाल के समय में रूस और यूक्रेन जाने वाले संभवतः पहले वैश्विक नेता होंगे। वैसे इस यात्रा के बारे में अभी आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन कूटनीतिक सूत्रों ने बताया है कि यात्रा की तिथि के बारे में दोनों देश संपर्क में हैं और इसे अगस्त के अंत में संभव बनाने की कोशिश की जा रही है।



### भारत का पुराना मित्र है रूस

भारत-रूस का बहुत ही पुराना मित्र देश है, लेकिन यूक्रेन-रूस युद्ध पर उसने अपनी स्वतंत्र नीति अपना रखी है। रूस के हमले की भारत ने अभी तक निंदा नहीं की है, लेकिन यूक्रेन के साथ भी लगातार संपर्क बना कर रखा है। अब उनकी यूक्रेन की यात्रा से इसलिए भी युद्ध की समाप्ति के आसार बन रहे हैं क्योंकि वह रूस की यात्रा के ठीक बाद यूक्रेन की यात्रा करने वाले हैं। इससे पहले जेलेंस्की ने पीएम मोदी से मध्यस्थता करने की अपील की थी। पीएम मोदी कई मौकों पर कह चुके हैं कि यह युद्ध का समय नहीं है।

## आतंक पर नकेल करने की तैयारी... सुरक्षा प्रबंध और होंगे कड़े

# ओडिशा से BSF के 2,000 जवान जाएंगे जम्मू

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में हाल की आतंकी घटनाओं के मद्देनजर केंद्र ने वहां पर आतंकवाद के सफाए के लिए नई रणनीति बनाई है और सुरक्षा प्रबंध और कड़े किए जा रहे हैं। इसी के तहत सरकार ने ओडिशा से बीएसएफ की दो बटालियनों (करीब 2000 जवान) को भारत-पाकिस्तान सीमा पर जम्मू क्षेत्र में तैनात करने का आदेश दिया है। सूत्रों ने बताया कि इन दोनों इकाईयों के जवानों को सांबा और जम्मू-पंजाब सीमा के पास तैनात किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार हाल में दिल्ली और



जम्मू में शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की दो बैठकों में जम्मू में बीएसएफ की तैनाती बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की इन दोनों इकाइयों को जम्मू में सीमा पर पहले से अग्रिम पंक्ति पर तैनात इसकी इकाइयों के पीछे रक्षा की 'दूसरी पंक्ति' के रूप में तैनात किया जाएगा, ताकि सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ और उनके द्वारा किए जाने वाले हमलों को रोका जा सके। जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के पास बीएसएफ की एक दर्जन बटालियन तैनात हैं। राजौरी, पुंछ, रियासी, उधमपुर, कठुआ और डोडा जिलों में इस वर्ष हुए आतंकवादी हमलों के बाद जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इन हमलों में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक ग्राम रक्षा गार्ड सदस्य सहित 22 लोग मारे गए हैं। पिछले महीने कठुआ और डोडा जिलों में पांच आतंकवादी मारे गए थे।

### मलकानगिरी और कोरापुट से इकाइयों को हटाया जा रहा

नक्सल विरोधी अभियान तेज करने के लिए ओडिशा से BSF की दो बटालियनों को छत्तीसगढ़ भेजे जाने का प्रस्ताव था, लेकिन मौजूदा स्थिति को देखते हुए इन इकाइयों को अब जम्मू भेजा जा रहा है। गृह मंत्रालय के निर्देश पर ओडिशा के मलकानगिरी जिले से एक बीएसएफ बटालियन और कोरापुट जिले से एक बटालियन को हटाया जा रहा है।

# कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में भरा पानी, 2 छात्राओं की मौत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी घुस गया। इस दौरान वहां 3 विद्यार्थी लापता हो गए। इस घटना में अब तक दो छात्राओं की मौत हो गई है। दोनों का शव बरामद कर लिए गए हैं। हाल ही में बारिश के बाद पटेल नगर में भी ऐसी घटना सामने आई थी। यहां एक छात्र की घर के गेट में करंट लगने से मौत हो गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा यूपीएससी की तैयारी करवाने वाली एक कोचिंग संस्थान



में हुआ है। बताया जा रहा है कि छात्र कोचिंग संस्थान में क्लास ले रहे थे। दोनों मृतक यूपीएससी एस्पिरेंट युवती थीं। एनडीआरएफ की पांच टीमें राहत-बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। लापता छात्र की तलाश की जा रही है।

### उत्तराखंड में भूस्खलन में दो जनों की मौत

दूसरी ओर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में शनिवार को बारिश से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के नई टिहरी में भूस्खलन में मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में गांव में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र में नवी मुंबई में शनिवार को एक इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

## वायु सेना ने परखी वायु रक्षा क्षमता

# S-400 'सुदर्शन' ने दिखाया दम, 'दुश्मन' का कर दिया सफाया

- 80 प्रतिशत को कर दिया नष्ट , शेष को पीछे हटने पर कर दिया मजबूर
- एस-400 के तीन स्क्वाड्रन वायुसेना में किए जा चुके हैं शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुदर्शन एस-400 वायु रक्षा मिसाइल सिस्टम ने अभ्यास के दौरान बड़ी सफलता हासिल की है। इसने 'दुश्मन' लड़ाकू विमान पैकेज के 80 प्रतिशत हिस्से को मार गिराया। बाकी पीछे हटने के लिए मजबूर हो गए, जिससे उनका मिशन फेल हो गया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि यह अभ्यास भारतीय वायु सेना के थिएटर में की गई, जहां लंबी दूरी के एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के स्क्वाड्रन को तैनात किया गया था। सूत्रों ने कहा कि वायुसेना द्वारा मिसाइल प्रणाली



के बल में पूर्ण एकीकरण को प्रदर्शित करने के लिए यह अभ्यास आयोजित किया गया था। ज्ञात रहे कि वायुसेना ने अपने एस-400 हवाई रक्षा प्रणाली का नाम एक पौराणिक संदर्भ में रखा है।

वायु सेना ने भगवान कृष्ण के शक्तिशाली सुदर्शन चक्र की तर्ज पर एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का नाम 'सुदर्शन' रखा है। अभ्यास के दौरान असली लड़ाकू विमान एस-400 हथियार प्रणाली की क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए उड़ान भर रहे थे। नकली कार्रवाई में ''लॉक ऑन और टारगेटिंग'' करके, 'दुश्मन' के 80 प्रतिशत आक्रामक पैकेज को मार गिराया। शेष बचे विमानों ने अपना मिशन रद्द कर दिया। इस तरह, भारतीय क्षेत्र में 'हमले' के प्रयास को विफल कर दिया गया और वायु रक्षा प्रणाली ने बेहतरीन काम किया।

### 5 स्क्वाड्रन के लिए 35,000 करोड़ रुपए की डील

भारत की ओर से अपील की गई है कि रूस सिस्टम की डिलीवरी में तेजी लाए। इसे लेकर भारत और रूस ने एस-400 के 5 स्क्वाड्रन के लिए 35,000 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए है। इस तरह सेना की ताकत लगातार मजबूत होती जा रही है।

### कृष्ण के चक्र का दिया नाम

भारतीय वायु सेना ने अब इस सिस्टम को पूरी तरह से इंटीग्रेट कर लिया है। इसके तीन स्क्वाड्रन पहले ही वायु सेना में शामिल किए जा चुके हैं। 2026 में दो और की आपूर्ति होने की उम्मीद है। भारतीय पक्ष ने अनुरोध किया है कि रूस सिस्टम की डिलीवरी में तेजी लाए। रूस की एक उच्च स्तरीय यात्रा के दौरान भारतीय पक्ष ने रूसी पक्ष से सिस्टम देने का भी अनुरोध किया।

### वायु रक्षा क्षमताओं में किया सुधार

भारतीय वायु सेना ने हाल के वर्षों में अपनी वायु रक्षा क्षमताओं में काफी सुधार किया है। वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार चीनी सेना द्वारा बड़े पैमाने पर वायु रक्षा प्रणालियों की तैनाती की गई है। भारत ने भी वहां बड़े पैमाने पर अपनी प्रणालियां तैनात की हैं। वायु सेना ने हाल ही में स्वदेशी एमआर-एसएएम और आकाश मिसाइल सिस्टम के साथ-साथ इजरायली स्पाइडर क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम प्राप्त किया है।

### एक साल में दूरसंचार संपर्क से जुड़ेंगे सभी गांव

**गुवाहाटी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि अगले 12 महीनों में देश के सभी गांवों को दूरसंचार संपर्क से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री सिंधिया ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मंत्रिमंडल ने विशेष बजट स्वीकृत किया है और वह स्वयं हर सप्ताह काम की प्रगति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री लक्ष्य की 100 प्रतिशत प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने देश में लगभग 24 हजार ऐसे गांवों की पहचान की है, जो अभी भी दूरसंचार संपर्क के दायरे से बहुत दूर हैं। इन सभी गांवों तक पहुंचने के लिए एक विशेष योजना पहले ही शुरू की जा चुकी है।

**दो नाटकों में बही दो धाराएं-एक में हास्य की धार तो दूसरे में जिम्मेदारी की लहर**

# मोबाइल ने बढ़ाई दूरियां, रिश्तों में मिठास का किया 'बंटाधार'

**बेधड़क.जयपुर।** 'आज परिवार का हर सदस्य मोबाइल और इंटरनेट में मग्न हो चुका है। इंसान काम-धाम से घर लोटता है तो वह उन खुशियों, प्यार मोहब्बत को ढूंढता ही रह जाता है जो घर में मोबाइल आने से पहले थे। आज घर में जितने मैंबर सभी मोबाइल लेकर कोने पकड़ लेते हैं।' कुछ इन्हीं बातों को कलाकारों ने नाटक के जरिए मैसेज देते हुए समझाया। मौका था कला-संस्कृति व पुरातत्व विभाग राजस्थान के सहयोग से शनिवार को सिकंदर अब्बास के निर्देशन में हुए हास्य नाटक 'बंटाधार' और केलाश सोनी के निर्देशन में हुए सामाजिक नाटक 'दिशा और दशा' के मंचन का।






### मोबाइल ने भुला दिए रिश्ते

'बंटाधार' में बताया गया कि मोबाइल और इंटरनेट के आने के बाद इंसान अपने रिश्तों को अपनी जिम्मेदारियों को भूल चुका है और संस्कार भी भूल गया है, जो पूर्वजों से मिले थे। नाटक यह एहसास दिलाना चाहता है कि हम मोबाइल से अपने परिवार को और बच्चों को लुभाने मोबाइल, ऐप, नेट से दूर रखें। जरूरत पड़ने पर ही उसका प्रयोग करें, ताकि बच्चों को बौद्धिक-शारीरिक विकास और सही दिशा और शिक्षा मिल सके।

### अपनी बनाई उलझनों में उलझा इंसान

कैलाश सोनी लिखित-निर्देशित नाटक 'दिशा और दशा' में बताया गया कि आज के दौर में मानव द्वारा की जा रही गलतियों को नजरअंदाज कर के इंसान स्वयं अपना ही जीवनशत्रु बन बैठा है। साथ ही अपने ही द्वारा बनाई उलझनों में उलझ कर सारा दोष दूसरों को या फिर सरकार को और किस्मत को कोसता है। सरकार समाज को सुधारने के लिए अनेकों योजनाएं लागू करती है और उन योजनाओं का पालन करके उनका लाभ उठाना और देश का सही नागरिक बनना तो आम जनता के हाथों में ही संभव है। गलत दिशा में चलने पर मानव की दशा खराब होती है। समाज में हो रही गलतियों को दर्शाने के साथ-साथ लालच से इंसान की मनोदशा कैसे खराब होती है, को दर्शाया गया है। उससे हम कैसे बचें और क्या करें कि हमारी और समाज की दशा सही हो। इसी ताने-बाने को नाटक में बताया गया।

**वर्चुअल राष्ट्रीय सम्मेलन**

## भूजल पुनर्भरण और सतही जल प्रबंधन पर की चर्चा



**बेधड़क. जयपुर।** शहरी और ग्रामीण जल सुरक्षा के लिए प्राचीन ज्ञान और आधुनिक समाधानों को जोड़ते हुए, सफलतापूर्वक रूम प्लेटफॉर्म पर वर्चुअल रूप से आयोजित किया गया। विभिन्न शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें जल संरक्षण के लिए नवीन समाधानों और एकीकृत दृष्टिकोणों, पारंपरिक जल संरक्षण संरचनाओं का आकलन और मानचित्रण के लिए जीआईएस और रिमोट सेंसिंग टूल्स का उपयोग, भूजल पुनर्भरण और सतही जल प्रबंधन पर पारंपरिक विधियों का प्रभाव पर चर्चा की गई। आईआईटी दिल्ली के अभिषेक गुप्ता ने पारंपरिक जल संरक्षण संरचनाओं का आकलन और मानचित्रण के लिए जीआईएस और रिमोट सेंसिंग टूल्स के उपयोग पर अपना शोध प्रस्तुत किया। आईआईटी दिल्ली के यश अग्रवाल ने पारंपरिक जल संरक्षण विधियों को आधुनिक जल प्रबंधन प्रथाओं के साथ एकीकृत करने के प्रभाव पर चर्चा की, जिससे भूजल पुनर्भरण और समग्र स्थिरता में सुधार हुआ। सम्मेलन में जल संकट की वर्तमान चुनौतियों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोणों को जोड़ने के महत्व पर जोर दिया। कल, इन शोध पत्रों में से कुछ को मालवीय नगर स्थित कॉलेज में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे और अधिक जानकारी और चर्चाए की जा सके।

## कविताओं में झलका प्रेम



**बेधड़क. जयपुर।** अंशु हर्ष ने अपने आने वाले कविता संग्रह 'तुम ठाकुर मेरे' से कुछ कविताओं की संगीतमय प्रस्तुति दी। तन्मय सक्सेना ने कार्यक्रम में अंशु का साथ निभाया। ये सेशन सिग्नेचर टावर स्थित ऑडिटोरियम में पिक अ बुक रीडिंग क्लब की गतिविधि के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशिमा चौधरी और वरुण भंसाली ने किया। कार्यक्रम में अंशु हर्ष ने कविता और गीतों के माध्यम से प्रेम और आध्यात्म को परिभाषित किया। उनकी कविताओं की नीव में प्रेम का भाव है। समर्पण का भाव है। तन्मय सक्सेना ने गीतों के माध्यम से कविताओं के भाव का विस्तार किया।

# City इवेंट्स

### सेवानिवृत्त बैंकर्स ने किया पौधा रोपण



**बेधड़क. जयपुर।** ऑल इंडिया बैंक पेन्शनर्स एंड रिटायरिज कनफेडरेशन की राजस्थान शाखा द्वारा बैंकों के राष्ट्रीयकरण की 56वीं वर्षगांठ के अवसर पर चल रहे वृक्षा रोपण कार्यक्रम के तहत इमली वाला फाटक लाइन के पास जेडीए पार्क में फल व छायादार वृक्षों के पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक पदम जैन बिलाला ने बताया कि नींबू, संतरे , अमरूद , जामुन आदि फलदार पोधो के अलावा छायादार पोधे कृषि स्नातक सीआर सैपट कोषाध्यक्ष व बीएस राठौड़ की देखरेख में लगाए गए। इसके पूर्व राजस्थान प्रांत के अध्यक्ष एनके पारीक सेंट्रल बैंक व वरिष्ठ उपाध्यक्ष यूको बैंक के रामपाल ने कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद नरेश शर्मा व महिला महासमिति की प्रांतीय अध्यक्ष शकुन्तला बिंदायक्या का स्वागत किया। कार्यक्रम में आरके जैन, ललित शर्मा, मनोज शर्मा, धर्मेश शास्त्री, गोकुल मिश्रा, धर्मेंद्र दीक्षित सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारियों की भागीदारी रही। महामंत्री आरएस मीना ने आभार व्यक्त किया।

### रणवीर सिंह बनेंगे 'धुरंधर'

**बेधड़क. जयपुर।** रणवीर सिंह ने अपने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, रणवीर सिंह ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म की जानकारी शेयर की है। इस पोस्ट में रणवीर सिंह ने लिखा है, 'आपकी दुआओं के साथ हम एनर्जी और पक्के इरादे के साथ इस महान और बड़े मोशन पिक्चर एडवेंचर पर निकल पड़े हैं। रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और अक्षय खन्ना की इस फिल्म को आदित्य धर और उनके भाई लोकेश धर जियो स्टूडियो के साथ मिलकर प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म का नाम 'धुरंधर' है।

### कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई



**बेधड़क. जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर प्राइड की साल 2024-25 टीम का शपथ ग्रहण समारोह डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. राखी गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि जीएस होरा (आरएचजेएस) सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय ने क्लब के सदस्यों को संबोधित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष निशा खांडपुर, सचिव मनीष खंडेलवाल एवं नवीन कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को डीजी डॉ. राखी गुप्ता एवं एजी रामकेश मीना ने शपथ दिलाई। रोटेरियन अरुण बगड़िया (डीजीएन 2026-27) ने क्लब में 8 नए सदस्यों को शामिल किया। निवर्तमान अध्यक्ष ओपी जैन और सचिव सुनील गौड़ ने नए अध्यक्ष और सचिव को फ्लैग देकर पद हस्तांतरण किया। रोटरी जयपुर के अन्य क्लबों के सदस्य भी कार्यक्रम के साक्षी बने।

**प्रमाण सागर-विनम्र सागर से आज लेंगे आशीर्वाद**

## यात्रा दल ने बावनगजाजी में किया भगवान आदिनाथ का अभिषेक



**बेधड़क | जयपुर**

श्री दिगम्बर जैन पद यात्रा संघ के तत्वावधान में संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं यात्रा के मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल के नेतृत्व में रवाना हुए 7 दिवसीय धार्मिक यात्रा दल ने शनिवार को बावनगजाजी में प्रातः सामूहिक रूप से पर्वत वंदना की।

भगवान आदिनाथ की खड़गासन प्रतिमा का अभिषेक किया। शांतिधारा अमर चन्द दीवान खोराबीसल परिवार ने की। दोपहर में यात्रा दल ऊन (पावागिरी) पहुंचा, जहां तीर्थक्षेत्र के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए सायंकाल सनावद पहुंचे, जहां प्रवासरत आर्यिका सरस्वती माताजी ससंघ से आशीर्वाद लिया। सायंकालीन दल सिद्धवरकूट पहुंचा। यहां सुभाष चन्द जैन, अमर चन्द दीवान खोराबीसल, सूरेश ठोलिया, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, सलिल जैन, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, मैना बाकलीवाल, देवेन्द्र गिरधरवाल, विक्रम जैन, शकुंतला पाण्डया, ऊषा दीवान,मीना चौधरी आदि ने भजनों पर भक्ति नृत्य किए। संघ के प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा और मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल ने बताया कि रविवार को इंदौर में ढाई द्वीप मंदिर के दर्शन, पूजा अर्चना के बाद बनेडिया जी तीर्थ के दर्शन करने जाएंगे। संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने बताया कि तत्पश्चात मुनि विनम्र सागर और मुनि प्रमाण सागर ससंघ के दर्शन करेंगे।

**पार्श्वनाथ कथा में बताई जीवन की महत्वपूर्ण बातें**

## आयुहीन को दवा, और रागी-कामी व्यक्ति को कोई उपदेश नहीं लगते



**बेधड़क | जयपुर**

मीरा मार्ग के श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन भवन पर चल रही पार्श्वनाथ कथा में शनिवार को मुनि प्रणम्य सागर ने कहा कि जिस तरह से आयुहीन प्राणी को दवा नहीं लगती है, वैसे ही रागी और कामी व्यक्ति को कोई उपदेश नहीं लगते। इस मौके पर मुनिश्री ने पंच मुद्रा का अभ्यास कराया। इससे पूर्व मनीष-रचना चौधरी व संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर व मुनि प्रणम्य सागर का अर्घ्य चढ़ाया गया। इस मौके पर श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मधुवन कॉलोनी के उपाध्यक्ष दिलीप कासलीवाल ने आचार्य विद्यासागर व आचार्य समय सागर के चित्र का अनावरण व भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद मुनिश्री के पाद पक्षालन व मुनिश्री को जिनवाणी भेंट कर पुण्यार्जन किया गया। इस मौके पर मुनि भक्त श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के कार्याध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया, उपाध्यक्ष उत्तम चन्द पाटनी, संयुक्त मंत्री दर्शन बाकलीवाल, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा सहित मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंत्री राजेन्द्र सेठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा, उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, संयुक्त मंत्री मनोज जैन, संगठन मंत्री अशोक सेठी, सांस्कृतिक मंत्री जम्बू सोगानी व पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही।

**प्रतियोगिता** **आरआईसी में डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियम लीग सीजन 3 का हुआ शुभारंभ**

# डॉक्टर्स का सुरीला रूप आया सामने, सिंगिंग में दिखाई प्रतिभा

**बेधड़क | जयपुर**

एसबीआई डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियम लीग सीजन 3 का हुआ शुभारंभ आरआईसी में हुआ। इसमें पहले दिन डॉक्टर्स ने अपनी गायन प्रतिभा दर्शाई। समारोह के मुख्य अतिथि फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ व मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा रहे और अध्यक्षता एसबीआई बैंक के रीजनल मैनेजर एमजी व्यास ने की। ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ संजीव गुप्ता ने बताया कि इस तीन दिवसीय लीग का फाइनल 28 जुलाई को होगा। लीग के आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस अवसर पर एसबीआई बैंक के रीजनल मैनेजर एमजी व्यास ने कहा कि डॉक्टर्स भगवान का दूसरा रूप हैं। उन्होंने डॉक्टर्स के लिए एसबीआई बैंक की विभिन्न योजनाओं कि जानकारी दी। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में इस बार विभिन्न अस्पतालों की आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। लीग संयोजक डॉ संदीप निझावन ने बताया कि प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. उमा,हेमन्त भट्ट, दीपक माथुर, प्रो. माया रानी टाक और भारत पटेल है।



### समारोह में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. जीएलशर्मा, डॉ.अनिल वर्मा, डॉ. अतुल पुरोहित, डॉ. रोहन भाटिया, डॉ. राजीव लोचन तिवारी, डॉ. जेएस वालिया, डॉ. लोकेंद्र शर्मा, डॉ. विक्रम शर्मा आदि शहर के अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ रवींद्र सिसोदिया ने किया।

### इन्होंने जीती लीग प्रतियोगिताएं

लीग के चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि 26 जुलाई को हुई आठ लीग प्रतियोगिताओं में निविक व आंगन-मेडिनोवा अस्पतालों ने विजेता रहे, जबकि टीम श्री कृष्णा, एएलसीएस-रोहिन रोकर्स, एस आर के गैस्ट्रोकेअर व टीम सीतादेवी ने एक-एक प्रतियोगिता जीती। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टाक ने बताया कि लीग मैचों में डॉ. संकल्प, डॉ. मनीष, डॉ. आशीष, डॉ. विदिशा, डॉ. सौम्या, डॉ. शिवि, डॉ. अंजलि, डॉ. प्रियंका, डॉ. गौरव, डॉ. कडेल, डॉ. अतुल, डॉ. क्षितिज, डॉ. सिमी, डॉ. रोहिन, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. रविराज, डॉ. संदीप, डॉ. अरुण व डॉ. खय्याम आदि गायकों ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

दुख पर ध्यान दोगे तो हमेशा दुखी रहोगे, सुख पर ध्यान देना शुरू करो। तुम जिस पर ध्यान देते हो वह चीज सक्रिय हो जाती है।
**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## US की सियासत में गाजा फैक्टर!



# ट्रंप से मिले नेतन्याहू, तो ओबामा ने कमला के लिए चली नई चाल

### राष्ट्रपति चुनाव की राजनीति पूरे शबाब पर | ट्रंप और हैरिस के बीच तीखी नोकझोंक भी जारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव अब अपने दिलचस्प मोड़ पर आ चुका है। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स की अब तक अघोषित उम्मीदवार कमला हैरिस के बीच अब तीखी नोकझोंक होने लगी है। दोनों अमेरिका की जनता को रिझाने के लिए दांव पर दांव चल रहे हैं। दोनों के बीच इस बात की होड़ लगी हुई है कि आखिर कौन इजरायल-गाजा युद्ध का समाधान निकालता है। क्योंकि अमेरिका की 55 प्रतिशत जनता उसी के साथ जाएगी जिसके पास इस युद्ध का समाधान होगा। इस बीच खबर आई है कि ट्रंप ने ने शुक्रवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। तीन साल से अधिक समय पहले ट्रंप के वाइट हाउस छोड़ने के बाद दोनों के बीच यह पहली मुलाकात थी।


ट्रंप ने फ्लोरिडा में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठक के दौरान गाजा में युद्ध के बारे में अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की हालिया टिप्पणियों को इजराइल के प्रति "अपमानजनक" बताया। उन्होंने कहा कि 'मुझे लगता है कि उनकी टिप्पणियां अपमानजनक थीं। वे इजराइल के संबंध में बहुत अच्छी नहीं थीं। मैं वास्तव में नहीं जानता कि एक यहूदी व्यक्ति उनके लिए कैसे वोट कर सकता है, लेकिन यह उन पर निर्भर करता है, लेकिन मेरी राय में, वह निश्चित रूप से इजराइल के प्रति अपमानजनक थीं।'

### कमला पर क्यों भड़के ट्रंप?

ट्रंप का यह बयान तब आया जब डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैरिस ने कल वाइट हाउस में नेतन्याहू से मुलाकात के तुरंत बाद अपनी टिप्पणी में इस बात पर जोर दिया कि वह गाजा में हो रहे अत्याचार पर 'चुप' नहीं रहेंगी। उनकी टिप्पणियों पर इजराइल ने कड़ी आपत्ति जताई थी कि इससे बंधकों को मुक्त कराने और गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए हमास आतंकवादी समूह के साथ समझौता करने के प्रयास जटिल हो सकते हैं।

### बाइडेन ने कमला हैरिस को किया सपोर्ट

डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन लेकर अब डेमोक्रेट्स के सदस्य भी खुलकर सामने आने लगे हैं। पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें अपना समर्थन दिया। अब खबर है कि बाइडेन के 2024 के वाइट हाउस की दौड़ से बाहर होने के कुछ दिनों बाद, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस की उम्मीदवारी का समर्थन किया।



### वीडियो कॉल पर कमला को समर्थन

ओबामा ने हैरिस को एक छोटे वीडियो कॉल कहा, "हमें, मिशेल (पत्नी) और मुझे आपका समर्थन करने पर गर्व है और हम आपको इस चुनाव में जीत दिलाने और ओवल ऑफिस तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।" पूर्व प्रथम महिला ने हैरिस से कहा, "मुझे आप पर गर्व है. यह ऐतिहासिक होने जा रहा है।" फोन पर बात करते हुए और मुस्कुराते हुए, हैरिस ने समर्थन और उनकी लंबी दोस्ती के लिए आभार व्यक्त किया।

**सबसे खतरनाक शहर :** फोर्ब्स अडवाइजर लिस्ट में काराकास नं. एक

# कराची खतरनाक नं. 2

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान दुनियाभर में आतंकवाद के लिए पहले से ही बदनाम है। वहीं अब फोर्ब्स अडवाइजर की लिस्ट में पाकिस्तान के कराची शहर को पर्यटन के लिहाज में दूसरा सबसे खतरनाक शहर बताया गया है। रेटिंग में 100 में से उसे 93.12 अंक दिए गए हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर वेनेजुएला का काराकास शहर है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर म्यांमार का यानगोन शहर है। रिपोर्ट के मुताबिक इन शहरों में पर्यटकों के लिए सबसे ज्यादा खतरा है। यहां अपराध की दर, हिंसा, आतंकी धमकियों, प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक समस्याओं का डर बना रहता है।

पाक मीडिया के मुताबिक अमेरिकी गृह मंत्रालय ने भी सुरक्षा की लिहाज से पर्यटन के लिए खतरनाक शहरों की लिस्ट जारी कीती। इसमें कराची को सबसे खराब बताया गया था। कराची को इन्फ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी रिस्क के आधार पर चौथा स्थान दिया गाय था। फोर्ब्स अडवाइजर की रिपोर्ट में कहा गया कि 60 मानकों के आधार पर दुनियाभर के 60 शहरों की रैंकिंग जारी की गई है। गौर करने वाली बात है कि कराची का नाम खतरनाक शहरों में कई बार से आ रहा है और यह शहर रहने लायकन नहीं है।



### ढाका छठे स्थान पर

बांग्लादेश का ढाका शहर भी खतरनाक शहरों की लिस्ट में छठे स्थान पर है। चौथे नंबर पर नाइजीरिया का लागोस, पांचवें पर फिलीपींस का मनीला, सातवें पर कोलंबिया का बोगोटा, आठवें पर मिस्र का काहिरा, नौवें पर मैक्सिको सिटी और 10वें पर इक्वाडोर को खतरनाक शहरों की सूची में जगह दी गई है।

### सिंगापुर सबसे सुरक्षित

सबसे सुरक्षित शहरों में सिंगापुर पहले स्थान पर है। इसके बाद दूसरा स्थान जापान के तोक्यो का है। कनाडा के टोरंटो को तीसरा सबसे सुरक्षित शहर बताया गाय है। सुरक्षित शहरों के मामले में चौथा स्थान ऑस्ट्रेलिया के सिडनी, पांचवां स्विटजरलैंड के ज्यूरिख को दिया गया है।

### 2017 में सबसे सुरक्षित था कराची

2017 की लिस्ट में दुनियाभर में सबसे कम सुरक्षित शहरों में कराची का नाम था। इकोनॉमिस्ट ग्रुप की रैंकिंग में भी कराची को रहने लायक शहर नहीं बताया गया है। बता दें कि पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर कराची ही है। हाल ही में कराची शहर में दो गुटों में हुई झड़प और फायरिंग में पांच लोगों की मौत हो गई। कराची में आए दिन आतंकी घटनाएं भी होती रहती हैं। वहीं घनी आबादी और मूलभूत सुविधाओं की कमी की वजह से भी शहर रहने लायक नहीं रह गया है।

**ट्रांसजेंडर बेटी का एलन मस्क आरोप**

# कहा- मस्क झूठे, नहीं रखना रिश्ता

- बेटी ने कहा- पिता मस्क की पूरी कहानी मनगढ़ंत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और उनकी ट्रांसजेंडर बेटी विवियन जेना विल्सन के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। विवियन ने एलन मस्क के दावों का खंडन किया। विवियन का कहना है कि एलन मस्क की पूरी कहानी मनगढ़ंत हैं। वह दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहते हैं। विल्सन ने यह भी कहा कि वह अपने पिता से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहती हैं। दरअसल, एक इंटरव्यू में एलन मस्क ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे को 'वोक माइंड वायरस' ने मार दिया था।



### यह कहा था मस्क ने

उन्होंने यह भी दावा किया था कि महामारी के दौरान दस्तावेजों पर धोखे से हस्ताक्षर करवाए गए थे। एलन मस्क ने जेंडर चेंज की सर्जरी को बाल विकृति और नसबंदी कहा। एलन मस्क ने टिप्पणीकार पीटरसन के साथ साक्षात्कार में अपनी ट्रांसजेंडर बेटी विल्सन के बारे में बड़ा दावा किया था। जेंडर चेंज की सर्जरी के लिए मुझे धोखा दिया गया। मैंने अपने बेटे को खो दिया। इसके बाद मस्क ने वोक माइंड वायरस के खिलाफ लड़ाई लड़ने की कसम खाई थी।

### विल्सन ने कहा- ऐसा कुछ हुआ नहीं था

विल्सन ने कहा कि मस्क की पूरी कहानी झूठी है। सच तो यह है कि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं था। मैंने चार साल की उम्र में किसी जैकेट का चयन नहीं किया था। विल्सन ने कहा कि जब मैं बड़ी हो रही थी तब एलन मस्क मेरे साथ नहीं थे। थोड़े वक्त तक साथ जरूर थे। मगर उस वक्त वह मुझे स्त्रीत्व और विचित्रता की खातिर परेशान करते थे। मैंने अपने लिंग के बारे में उन्हें बताने की कोशिश भी की। विल्सन ने कहा कि मस्क बच्चों को किस तरह से देखते हैं... इसके बारे में बहुत कुछ बताना है।

**गांव में घुसा 30 लोगों का गैंग,** 50 से ज्यादा ग्रामीणों को काट डाला

# रातभर शवों को खाते रहे मगरमच्छ

**पोर्ट मोरेस्बी।** इंडोनेशिया के समीप प्रशांत महासागर क्षेत्र में स्थित देश पापुआ न्यू गिनी से नरसंहार का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। रिपोर्टों के अनुसार, एक गैंग ने हाल ही में महिलाओं और बच्चों सहित कई दर्जन लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना ने देश को हिलाकर रख दिया है और सुरक्षा व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं।

संयुक्त राष्ट्र और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पापुआ न्यू गिनी के उत्तरी हिस्से में दूर दराज के तीन गांवों में एक गिरोह के हाथों कम से कम 26 लोगों के मारे जाने की खबर है। उन्होंने कहा है कि ये संख्या 50 के पार भी जा सकती है, क्योंकि और कई लोग लापता हैं। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के ईस्ट सेपिक प्रांत के पुलिस कमांडर जेम्स बाउगेन ने शुक्रवार को 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प' को बताया "घटना बहुत भयावह थी, जब मैं घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि वहां बच्चे, पुरुष व महिलाओं की लाशें पड़ी थीं। उन्हें 30 युवकों के एक समूह ने मार डाला।" बाउगेन ने एबीसी को बताया कि गांवों के सभी घर जला दिए गए हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl